दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



अपना फैशन स्टेटमेंट.....

चांदनी वाइब्स : पश्मीना के सफेद लहंगा स्टाइल की सादगी ने किया आकर्षित

वर्ष : 10 | अंक : 32 | लखनऊ, 11 जनवरी, गुरूवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**
अधिकतम तापमान 17.c
न्यूनतम तापमान 8.c

**बाजार**
सोना 5510/ g
चांदी 73.50/ g
सेंसेक्स 71,657.71
निफ्टी 21,618.70

# भारत दुनिया में आज स्थिरता की गारंटी - पीएम मोदी

## अगले 25 वर्षों में देश को विकसित बनाने का है लक्ष्य : पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**गुजरात**, वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमने अगले 25 वर्षों में भारत को एक विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत ने आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाया। अब भारत अगले 25 साल की तैयारी कर रहा है। हमारा लक्ष्य आजादी के 100 साल पूरे होने तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। अगले 25 साल भारत के लिए 'अमृत काल' होने वाले हैं। यह नये संकल्पों का समय है। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात समिट आर्थिक विकास और निवेश का एक वैश्विक मंच बन गया है।


मोदी ने कहा कि उन्होंने कहा कि भारत और यूएई ने फूड पार्क के विकास, नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग और नवीन स्वास्थ्य देखभाल में निवेश के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत के बंदरगाह बुनियादी ढांचे के लिए यूएई की कंपनियां अरबों डॉलर के निवेश पर सहमत हुई हैं। भारत और यूएई अपने रिश्ते को नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत को स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखती है। एक दोस्त जिस पर भरोसा किया जा सकता है, एक साथी जो जन-केंद्रित विकास में विश्वास करता है, एक आवाज जो वैश्विक भलाई में विश्वास करती है, ग्लोबल साउथ की आवाज, वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकास का एक इंजन, समाधान खोजने के लिए एक प्रौद्योगिकी केंद्र, एक पावरहाउस प्रतिभाशाली युवाओं और एक लोकतंत्र जो उद्धार करता है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि 10 साल पहले भारत 11वें स्थान पर था। आज दुनिया की हर प्रमुख रेटिंग का अनुमान है कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की टॉप 3 इकोनॉमी में जाएगा। एक ऐसे समय में जब विश्व अनेक अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। तब भारत दुनिया में विश्वास की एक नई किरण बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के लोगों को अपना विश्लेषण करने दीजिए, लेकिन यह मेरी गारंटी है कि ऐसा होगा।

मोदी ने कहा कि आज तेजी से बदलते हुए वर्ल्ड आर्डर में भारत विश्वमित्र की भूमिका में आगे बढ़ रहा है। आज भारत ने विश्व को ये भरोसा दिया है कि हम साझा लक्ष्य तय कर सकते हैं, अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। विश्व कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता, निष्ठा, प्रयास और भारत का परिश्रम आज की दुनिया को ज्यादा सुरक्षित और समृद्ध बना रहा है। उन्होंने कहा कि अपनी स्थापना के बाद से पिछले 20 वर्षों में, वाइब्रेंट गुजरात के शिखर सम्मेलन ने नए विचारों को एक मंच दिया है और निवेश और रिटर्न के लिए नए रास्ते खोले हैं। 2024 की थीम 'भविष्य का प्रवेश द्वार' है। हमारे प्रयासों और प्रतिबद्धता से ही 21वीं सदी का भविष्य जीवंत होगा। अपनी जी 20 अध्यक्षता के दौरान, भारत ने वैश्विक भविष्य के लिए एक रोडमैप दिया। आज हम उस दृष्टिकोण को आगे ले जाना चाहेंगे।

# पत्रकारों से बोले रामनाथ कोविंद, टीआरपी के लिए खबरों को सनसनीखेज बनाने से रहे दूर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने बुधवार को पत्रकारों से उच्च टेलीविजन रेटिंग अंक के लिए समाचारों को सनसनीखेज बनाने से दूर रहने का आग्रह किया और कहा कि ऐसी प्रवृत्तियाँ पत्रकारिता के मानकों के लिए हानिकारक साबित हुई हैं। दिल्ली के भारत मंडपम में भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) के 55वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, कोविंद ने फर्जी समाचार, पेड न्यूज, गलत सूचना और डीपफेक द्वारा मीडिया के सामने उत्पन्न चुनौतियों को भी चिह्नित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी कोने में बैठा कोई भी शरारती तत्व सोशल मीडिया क्षेत्र में फर्जी खबरें फैला सकता है। जब तक हमें पता चलता है कि कुछ जानकारी गलत है और गलत इरादे से फैलाई गई है, तब तक समाज को नुकसान हो चुका होता है। कोविंद ने कहा कि यह सुनिश्चित करना पत्रकारों का कर्तव्य है कि नागरिकों को सही समाचार और जानकारी मिले। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि आप पत्रकारिता की दुनिया में तब कदम रख रहे हैं जब तकनीक में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। हर बदलाव कई संभावनाएं और चुनौतियां लेकर आता है। हमें नई तकनीक के दुरुपयोग से बचना होगा। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि अधिक टीआरपी के लिए मीडिया द्वारा खबरों को सनसनीखेज बनाना एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। ऐसी प्रवृत्तियाँ पत्रकारिता के मानकों के लिए हानिकारक साबित हो रही हैं। मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि आप ऐसी प्रथाओं से दूर रहें और पत्रकारिता के मानकों को बनाए रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने के लिए झारखंड में सीटी बजाओ.. नामक अनोखा कार्यक्रम अपनाया गया

**नई दिल्ली।** महीने भर से अधिक समय से कक्षा में नहीं आ रहे बच्चों को वापस स्कूल में लाने के प्रयास के तहत झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने प्रयास-सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ नामक एक अनोखा कार्यक्रम शुरू किया है। यहां से करीब 45 किलोमीटर दूर पूर्व सिंहभूम जिले में पोटका प्रखंड के तानग्रेन में एक सरकारी विद्यालय ने कुछ दिन पहले इस सरकारी कार्यक्रम के तहत सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ अभियान शुरू किया और उसका अच्छा असर भी नजर आया। तानग्रेन अद्यतित मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य अरविंद तिवारी ने कहा कि विद्यालय के आसपास के गांवों में हाल में शुरू किये गये सीटी बजाओ अभियान का अच्छा असर नजर आया है क्योंकि करीब एक महीने से गैर हाजिर रहे विद्यार्थी सीटी की आवाज सुनते ही विद्यालय आने लगे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के सकारात्मक असर पर विचार करते हुए शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में इसे शुरू करने का फैसला किया है और उसने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जैसे ही बच्चे सुबह में स्कूल पहुंचते हैं, वे 11 जनवरी को सीटी बजाओ हैशटैग से सोशल मीडिया पर सीटी बजाने वाले विद्यार्थियों की तस्वीरें डालें। विद्यार्थियों को कक्षाओं में आने के वास्ते प्रेरित करने के लिए इन अभिनवकारी विचारों को अतीत में लागू कर चुके तिवारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमारी नजर उन विद्यार्थियों पर है जो करीब एक महीने से लगातार कक्षाओं में नहीं आये हैं। उन्होंने कहा, हमने विद्यार्थियों को अलग-अलग समूहों में विभाजित कर दिया है तथा नदियों/हस्तियों के नामों जैसे प्रश्नों के उत्तर के आधार पर हमने समूह के कप्तान चुने हैं।

### सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई कार, तीन की मौत, चार घायल

**रांची,** झारखंड के रामगढ़ जिले में बुधवार को एक कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई, जिससे दो वर्षीय मासूम सहित कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना राज्य की राजधानी रांची से लगभग 60 किलोमीटर दूर रजरप्पा के चितरपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-23 पर तड़के करीब तीन बजकर 30 मिनट पर हुई। यहां 10 यात्रियों को ले जा रही कार ट्रक से टकरा गई। रजरप्पा पुलिस थाने के प्रभारी संजय कुमार नायक ने कहा, एक महिला और उसके दो साल के बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल ने रांची के राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नायक ने बताया कि कार सवार लोग रामगढ़ के चेतार गांव से गिरिडीह जिले के पारसनाथ पहाड़ियों पर घूमने के लिए जा रहे थे। अधिकारी ने बताया कि सुबह कोहरे के कारण दृश्यता कम थी, जिसके कारणकार ट्रक से जा टकराई।

# गाजियाबाद का नाम बदलने का प्रस्ताव नगर निगम में पारित

**मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा यह प्रस्ताव**


एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**गाजियाबाद,** नगर निगम (जीएमसी) ने मंगलवार को गाजियाबाद का नाम बदलने का एक प्रस्ताव पारित किया। अंतिम निर्णय लेने के लिये इसे अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास भेजा जाएगा। गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल ने मंगलवार को बताया, गाजियाबाद का नाम बदलने का प्रस्ताव पार्षदों द्वारा पूर्ण बहुमत से पारित किया गया और अब इसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास भेजा जाएगा। नया नाम उनके निर्णय के अनुसार रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता और हिंदू संगठनों की मांग को ध्यान में रखते हुए तीन नाम हरनंदी नगर, गजप्रस्थ और दूधेश्वरनाथ नगर सुझाए गए हैं। साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक सुनील शर्मा ने कहा कि पिछले साल उन्होंने राज्य विधानसभा में इस संबंध में एक प्रस्ताव पेश किया था, जिसमें गाजियाबाद का नाम बदलकर गजप्रस्थ करने का सुझाव दिया गया था। प्राचीन मंदिर दूधेश्वर नाथ के प्रधान पुजारी महंत नारायण गिरि ने पीटीआई- को बताया कि पिछले साल उन्होंने मुख्यमंत्री से बात की थी और गाजियाबाद के लिए तीन नाम गजप्रस्थ, दूधेश्वरनाथ नगर या हरनंदीनगर सुझाए थे। उन्होंने कहा कि ये नाम महाभारत के इतिहास से संबंधित हैं क्योंकि यह क्षेत्र हस्तिनापुर का हिस्सा था।

# कश्मीरी छात्र ने बेहद कम लागत से बनाया रोबोटिक भुजा

## इसे सिर पर लगाये गये उपकरण से नियंत्रित किया जा सकता है

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली।** कश्मीर के युवाओं को अब अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है तो देखिये एक से एक हुनरमंद लोग सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में श्रीनगर के छात्र हाजिक हसन अहंगर आजकल काफी चर्चा में हैं। उन्होंने एक रोबोटिक भुजा बनाकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। हम आपको बता दें कि इस भुजा को आप सिर पर लगाये गये उपकरण से नियंत्रित कर सकते हैं।

हाज़िक का मुख्य लक्ष्य कश्मीर में युवाओं को ड्रग्स या आत्महत्या जैसी नकारात्मक चीजों से दूर रखने और टेक्नॉलाजी के जरिये देश और समाज के लिए कुछ सकारात्मक करने का संदेश देना है।

प्रभासाक्षी से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि रोबोटिक उत्पाद काफी महंगे हैं इसलिए हर कोई इन्हें हासिल नहीं कर सकता इसलिए मैं इन्हें खुद बनाना चाहता था। 12वीं कक्षा के छात्र हाजिक हसन अहंगर ने कहा कि मुझे बचपन से ही इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक चीजों में रुचि थी इसलिए मैंने ऐसा रोबोट बनाया जोकि अलग तरह से काम करता है।

उन्होंने बताया कि 10वीं कक्षा में उन्होंने रोबोटिक्स के बारे में सीखा था। हाजिक हसन अहंगर ने कहा कि वह रोबोटिक्स का उपयोग करने वाले लोगों के लिए कुछ उपयोगी बनाना चाहते थे। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने एक रोबोटिक भुजा देखी, तो वह उसकी ओर आकर्षित हो गये और एक ऐसी भुजा बनाना चाहते थे जो अलग हो और जिसका उपयोग अधिक से अधिक लोग कम खर्च में कर सकें। उन्होंने कहा कि अपनी विशेष रोबोटिक भुजा बनाने में उन्हें डेढ़ साल का समय लगा। अच्छी बात यह है कि जबकि अन्य देशों में एक हाई-टेक बायोनिक आर्म की कीमत बहुत अधिक हो सकती है तब हाज़िक ने इसे केवल 1300 रुपये में बनाया, जिससे यह अब तक का सबसे किफायती बायोनिक आर्म बन गया। हाज़िक ने जो बायोनिक आर्म बनाया है उसे सिर पर लगाये गये उपकरण से नियंत्रित किया जा सकता है। आपका सिर जिस दिशा में घूमेगा उसी दिशा में यह रोबोटिक आर्म घूम जायेगा। उन्होंने इसे जाइरो आर्म नाम दिया है।

# अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम देख हो जाएंगे हैरान

## सरयू नदी से लेकर आसमान तक है कड़ी निगरानी की व्यवस्था

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**अयोध्या।** अयोध्या में श्री राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए भव्य तैयारियां की जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए कई तैयारियां की जा रही है। इसी कड़ी में हर तरफ सुरक्षा के भी बेहद कड़े बंदोबस्त किए गए है। सुरक्षा का इंतजाम ऐसा है कि परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शिरकत करेंगे। इस ऐतिहासिक समारोह में सुरक्षा के लिए जल, थल और नभ हर जगह चाकचौबंद सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक ना हो। अयोध्या नगरी में एंट्री ड्रोन सिस्टम लगाया गया है जिससे सुरक्षा पर हर तरफ से नजर रखी जाएगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस कमांड कंट्रोल सिस्टम को बनाया गया है, जिससे फिजिकल चैकिंग और वेरिफिकेशन के साथ उच्च स्तरीय सुरक्षा तकनीक उपयोग में लाई जा सकेगी। शहर की सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक ना हो इसके लिए शहर के लोगों की मदद भी ली गई है। जिन घरों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं उन्हें पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है ताकि किसी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके। पुलिस ने ई रिक्शा, टैक्सी, होटल, धर्मशाला और गेस्ट हाउस कर्मचारियों को भी निर्देश दिए हैं कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जाए। अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपीजी के हाथों में पूरी जिम्मेदारी होगी। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले ही सुरक्षा की जिम्मेदारी एसपीजी को मिलेगी। एसपीजी की टीम कार्यक्रम की शुरूआत से पहले अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेगी। बता दें कि सुरक्षा के लिए स्पेशल कमांडो, सीआरपीएफ की टीमें तैनात की गई है।

इसके अलावा यूपी एटीएस और रैपिड एक्शन फोर्स को भी सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 11,000 अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भी तैनात किया जाएगा, दिसमें अर्धसैनिक बल के जवान भी शामिल है। सरयू नदी में भी सूरक्षा के सभी इंतजाम किए जाएंगे।

# उद्धव गुट को बड़ा झटका, शिंदे को हटाने का फैसला नामंजूर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**महाराष्ट्र,** महाराष्ट्र में शिवसेना विधायकों के योग्यता को लेकर विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने अपना फैसला सुना दिया है। इस फैसले से उद्धव ठाकरे गुट को बड़ा झटका लगा है। स्पीकर ने अपने फैसले में साफ तौर पर एकनाथ शिंदे को हटाने के फैसले को नामंजूर कर दिया है। उन्होंने कहा है कि संविधान के मुताबिक हम नहीं हटा सकते थे। शिंदे को हटाने का फैसला कार्यकारिणी का होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी पर उद्धव गुट का रुख साफ नहीं है। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे का गुट संवैधानिक नहीं है। उन्होंने सौफ तौर पर कहा कि विधायक दल के नेता को हम नहीं हटा सकते। उन्होंने कहा कि यूबीटी गुट ने रिकॉर्ड पर कोई सामग्री नहीं रखी है या यह भी सुझाव नहीं दिया है कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की कोई बैठक बुलाई गई थी जहां वास्तविक राजनीतिक दल के बारे में कोई निर्णय लिया गया था। 2018 की नेतृत्व संरचना शिवसेना के संविधान (1999 के जिस पर भरोसा किया जाता है) के अनुरूप नहीं थी। इस नेतृत्व संरचना को यह निर्धारित करने के लिए मानदंड के रूप में नहीं लिया जा सकता है कि कौन सा गुट वास्तविक शिव सेना राजनीतिक दल है।

# 'स्वामी प्रसाद मौर्य की कहानी विक्रम बेताल जैसी, अखिलेश पर चढ़ गया उनका भूत'

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य एक बार फिर से विवादित बयानों की वजह से चर्चा में हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य ने राम मंदिर आंदोलन को लेकर विवादित बयान दे दिया है। कार सेवकों पर गोलियां चलवाने के मामले में अब स्वामी प्रसाद मौर्य ने बयान देकर कार सेवकों को अराजक तत्व करार दिया है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि अमन-चैन कायम रखने के उद्देश्य से तब सरकार ने गोलियां चलवाई थी। सरकार ने राज्य में हिंसा ना हो और अमन बनाए रखने के लिए फर्ज निभाया था। इसकी को लेकर लेकर कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने स्वामी प्रसाद मौर्य पर पलटवार किया है और अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और स्वामी प्रसाद मौर्य की कहानी विक्रम बेताल जैसी है। अखिलेश यादव के ऊपर स्वामी प्रसाद मौर्य का भूत चढ़ गया है। उन्होंने दावा किया कि वे स्वामी प्रसाद मौर्य से डरते हैं, वे जानते हैं कि स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा के व्यक्ति है, उनके बयानों से उनकी पार्टी का बेड़ा गर्क होगा और वे जानते हैं कि अगर स्वामी प्रसाद मौर्य ऐसे ही बयान देते रहे तो उत्तर प्रदेश में भाजपा को आने से कोई नहीं रोक सकता फिर भी पता नहीं क्या मजबूरी है। पिछले साल दिसंबर में हिंदू धर्म पर की गई टिप्पणी से राजनीतिक तूफान खड़ा करने वाले समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने बुधवार को आरोप लगाया कि राम मंदिर का उद्घाटन भाजपा का निजी कार्यक्रम है।

मौर्य ने यह भी कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्रतिष्ठा समारोह के लिए अतिथि सूची भाजपा द्वारा तैयार की जा रही है। मौर्य ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन बीजेपी का निजी कार्यक्रम है, इसलिए इसके लिए मेहमानों की सूची पार्टी के सदस्यों द्वारा तैयार की जा रही है। दरअसल, राम लला की मूर्ति का स्थान मंदिर से तीन किलोमीटर दूर है।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में भाग नहीं लेगी कांग्रेस

## कहा- बीजेपी और RSS का है इवेंट

*राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी शामिल नहीं होंगे*



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की शिरकत को लेकर जारी कयास और तनातनी पर विराम लग गया है कांग्रेस पार्टी ने इस पूरे कार्यक्रम को आरएसएस और बीजेपी का इवेंट बताकर किनारा कर लिया है कांग्रेस पार्टी ने साफ किया है कि न सोनिया गांधी और न ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इस कार्यक्रम में शामिल होंगे इसके साथ ही लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन भी शिरकत नहीं करेंगे इन नेताओं ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निमंत्रण को ठुकरा दिया है

### कांग्रेस ने क्या कहा?

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बयान जारी कर कहा, "पिछले महीने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का निमंत्रण मिला भगवान राम की पूजा-अर्चना करोड़ों भारतीय करते हैं धर्म मनुष्य का व्यक्तिगत विषय होता आया है, लेकिन बीजेपी और आरएसएस ने वर्षों से अयोध्या में राम मंदिर को एक राजनीतिक परियोजना बना दिया है" उन्होंने आगे कहा, "स्पष्ट है कि एक अर्द्धनिर्मित मंदिर का उद्घाटन केवल चुनावी लाभ उठाने के लिए ही किया जा रहा है 2019 के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को स्वीकार करते हुए एवं लोगों की आस्था के सम्मान में श्री मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी अधीर रंजन चौधरी बीजेपी और आरएसएस के इस आयोजन के निमंत्रण को ससम्मान अस्वीकार करते हैं" दरससल, 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित 6 हजार से ज्यादा लोगों को निमंत्रण भेजा गया है

### कौन से नेता शामिल नहीं हो रहे?

सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी के अलावा न्यूज एजेंसी / अमन लेखनी समाचार पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से हाल ही में बताया था कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी समारोह में शामिल नहीं होंगी वहीं सीपीआई (एम) नेता सीताराम येचुरी भी निमंत्रण अस्वीकार कर चुके हैं तृणमूल कांग्रेस की चीफ ममता बनर्जी ने मंगलवार (9 जनवरी) को आरोप लगाया कि बीजेपी लोकसभा चुनाव से पहले अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के जरिये नौटंकी कर रही है मैं लोगों को धार्मिक आधार पर बांटने में विश्वास नहीं रखती

## एयरपोर्ट पर खराब मौसम के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानें घंटो रहीं विलंब

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। राजधानी में बुधवार को मौसम खराब होने के कारण लखनऊ आने जाने वाली दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानें जहां 7 घंटे से अधिक विलंब रहीं। वहीं अन्य उड़ानें भी काफी देरी से टेकऑफ और लैंडिंग कर सकीं। मालूम हो कि इधर कई दिनों से मौसम खराब चल रहा है। मंगलवार रात को मौसम खराब होने के साथ ही घने कोहरे की वजह से दृश्यता कम हो गई, जो बुधवार देर सुबह तक बनी रही। इसके कारण मस्कट से सुबह 5:35 बजे लखनऊ एयरपोर्ट आने वाली ओमान एयर की उड़ान करीब 7:30 घंटा देरी से अपराहन 1 बजे लखनऊ पहुंच सकी। इस उड़ान के विलंब होने के कारण लखनऊ से मस्कट जाने वाली ओमान एयर की उड़ान भी सुबह 6:55 के बजाय अपराह्न 2:25 पर लखनऊ से रवाना हुई। इसके अलावा मुंबई से मंगलवार रात 1:35 बजे लखनऊ पहुंचने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान करीब 1 घंटा देरी से लखनऊ पहुंची। इसी तरह गोरखपुर से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया की उड़ान दोपहर 12:45 के बजाय 1:50 पर, जयपुर से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान दोपहर 1:50 के बजाय 4:37 पर, दिल्ली से लखनऊ आने वाली विस्तारा एयरलाइंस की उड़ान दोपहर 2:50 बजे के बजाय 3:45 पर और इलाहाबाद से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान शाम 5:15 बजे के बजाय 6:22 पर लखनऊ पहुंची। इसी तरह लखनऊ से गोरखपुर जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान दोपहर 1:10 के बजाय करीब 2:30 बजे और लखनऊ से दोपहर 1:50 बजे मुंबई जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान करीब 1 घंटा देरी से चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से रवाना हुई। इसके अतिरिक्त लखनऊ आने - जाने वाली अन्य उड़ानें भी काफी विलंब रहीं। विमानों की लेट लतीफी के कारण यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## बेखौफ चोरों ने घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर के पार्टस किया चोरी रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर में बेखौफ चोरों ने बीते दिनों घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर के कुछ पार्टस चोरी कर लिए। जानकारी होने के बाद ट्रैक्टर मालिक ने मामले की तहरीर सरोजनीनगर थाने में दी। पुलिस तहरीर लेकर सीसीटीवी के जरिए चोरों का सुराग लग रहा है। सरोजनीनगर के गंगानगर, अमौसी निवासी वरिष्ठ पत्रकार हेमंत निराला के मुताबिक बीती 3 जनवरी की रात घर के सामने खड़े उनके ट्रैक्टर से चोरों ने कुछ पार्टस चोरी कर लिए। बाद में जब जानकारी हुई तो सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। जहां एक चोर ट्रैक्टर के पार्ट खोलते हुए कमरे में कैद पाया गया। इसके बाद हेमंत ने मामले की तहरीर सरोजनीनगर थाने में दी। फिलहाल पुलिस तहरीर लेकर सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोर का सुराग लगा रही है।

## भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में जन तक पहुंचे अक्षत व पत्रक

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या से आए हुए पत्रक माल खंड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा व समाज के सम्मानित नागरिकों के द्वारा पत्रक व अक्षत सिसवारा मंडल व गहदो चौराहे पर खंड प्रचारक विपिन के नेतृत्व में स्वयंसेवकों के साथ विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और साथ में सह-जिला संयोजक (सामाजिक समरसता) लखनऊ जिला अभय प्रताप सिंह सिसवारा मंडल के सभी सम्मानित कार्यकताओं द्वारा अक्षत पत्रक वितरण घर-घर जाकर कार्यकताओं ने किया कार्यकताओं में अति उत्साह देखने को मिला। माल खंड में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा की जैसे-जैसे तिथि नजदीक आ रही है राम भक्तों में उत्साह का संचार दुगना हो रहा है ।भगवान राम 22 जनवरी 2024 को अपने महल में जब विराजमान होंगे स्वयंसेवकों ने अयोध्या जाने के लिए आमंत्रण पत्र दिया है 22 जनवरी के बाद सभी को अयोध्या चलना है ऐसा कार्यकताओं ने निमंत्रण दिया है। अमित खंड कार्यवाह खंड की टोली व आरजू सोनी जिला उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में सिसवारा व गहदो में पत्रक/अक्षत वितरण व साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ माल खंड में हर न्याय पंचायत में गांव गांव जाकर इस पुनीत कार्य में अन्य कार्यकताओं के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक के कार्यकर्ता कौशलेंद्र प्रताप सिंह राजू अभय अमित ने अक्षत व पत्रक वितरण कर भगवान श्री राम का अयोध्या में बन रहा मंदिरकी प्राण प्रतिष्ठा मेंपहुंचने काअनुरोध कर रहे हैं कि22 जनवरी 2024 के बाद सभी लोग अयोध्या पहुंचे और भगवान श्री राम के दर्शन करेंमालखंड में कार्यकताओं में उत्साह देखते ही बन रहा है ।

## स्मारक समिति के कर्मचारी नेता गिरफ्तार, साथियों ने थाना गोमती नगर घेरा



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित अंबेडकर पार्क में बुधवार दोपहर प्रशासनिक अफसरों एवं कर्मचारी नेताओं के बीच नोकझोंक और हाथापाई हुई। बाद में अफसरों ने पुलिस को बुलाकर कर्मचारी नेता कौशल किशोर आदित्य समेत कई कर्मियों से अभद्रता करते हुए उनको गिरफ्तार करा दिया। इस गिरफ्तारी से भड़के करीब दो हजार से ज्यादा स्मारक समिति कर्मियों ने गोमतीनगर थाना का घेराव करके प्रदर्शन और नारेबाजी शुरू कर दी। यहीं नहीं, जो कर्मचारी स्मारकों में काम कर रहे थे वह भी हड़ताल पर चले गए। थाने का घेराव देख पुलिस ने बैकफुट पर आकर दोनों पक्षों से बातचीत की और उनका मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया। स्मारक समिति कर्मियों ने बताया कि प्रबंधक प्रशासन राजीव कुमार एवं अन्य अधिकारियों द्वारा कर्मचारी नेता कौशल किशोर आदित्य को अंबेडकर पार्क में समस्याओं पर वार्ता करने का झांसा देकर बुलाया गया था। कर्मचारी नेता पांच-छह साथियों के साथ अंबेडकर पार्क पहुंचे तो बातचीत का दौर शुरू हुआ।

## कृषि यंत्रों की योजनाओं की आज होगी ई-लॉटरी

लखनऊ। आज इंदिरा नगर स्थित विकास भवन में कृषि यंत्रीकरण की समस्त योजनाओं की ई-लॉटरी की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, कृषि यंत्रीकरण की समस्त योजनाओं के तहत 10 हजार रुपये से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्र व उपकरण कस्टम हायरिंग सेंटर व थ्रेसिंग फ्लोर और स्मॉल गोदाम आदि की ई-लॉटरी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उप कृषि निदेशक बलराम वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में इन-सीटू, एसएमएएम, एनएफएसएम, एन एनएमईओ-ओएस योजना के तहत 10 हजार रुपए से अधिक अनुदान वाले सभी कृषि यंत्र व उपकरण, रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग, थ्रेसिंग फ्लोर और स्मॉल गोदाम इत्यादि की बुकिंग जिन किसानों द्वारा की गई हो, वह लोग गुरुवार 11 जनवरी को पूर्वाहन 11 बजे विकास भवन सभागार में उपस्थित होकर ई-लॉटरी प्रक्रिया में हिस्सा ले सकेंगे। उप कृषि निदेशक बलराम वर्मा ने बताया कि यंत्रों के लिए ई-लॉटरी प्रक्रिया द्वारा जिले के आवंटित लक्ष्यों के अनुसार कृषकों का चयन किया जाएगा, और चयन के दौरान लक्ष्य की 50 फीसदी प्रतीक्षा सूची भी रखी जाएगी।

## भाजपा की महिला पदाधिकारी से छेड़छाड़ व मारपीट करने के आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी से मारपीट व अभद्रता करने के पांच नामजद आरोपियों समेत आधा दर्जन अज्ञात के विरूद्व छेड़छाड़ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपियो की तलाश में जुट गयी है ।ज्ञात हो मोहनलालगंज के एक गांव की रहने वाली भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया 7दिसम्बर2023 को जब वो अपनी कृषि योग्य भूमि पर गयी थी तभी पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी मो०सिराज ने अपने बेटे शेरा निवासीगण तालाब गगली शुक्ल, मछली मोहल्ला, लखनऊ ने अपने साथियों कृपाशंकर, निरंजन लाल, आशीष कुमार समेत आधा दर्जन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसकी जमीन कब्जा करने की नियत से गाली-गालौज करते हुये हमला कर मारपीट की कोशिश करते हुये उसके कपड़े फाड़कर अर्धनग्न कर दिया ।शोर मचाने पर आस-पास खेतो में मौजूद किसानो को मौके पर आता देख आरोपी मुकदमा वापस ना लेने पर पति को जान से मरवाने की धमकी देते हुये मौके से फरार हो गयें ।पीड़िता ने बताया पूरे मामले की पुलिस से लिखित कर कार्यवाही की मांग की तो पुलिस ने बिना कार्यवाही चलता कर दिया था ।जिसके बाद आरोपियों पर कार्यवाही ना होने से नाराज भाजपा पदाधिकारियों ने केन्द्रीय राज्यमंत्री व विधायक के कार्यक्रम में मौजूद एसीपी राधारमण सिंह को आरोपियों पर कार्यवाही ना होने पर थाने में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी थी ।जिसके बाद एसीपी के निर्देश पर मोहनलालगंज पुलिस ने आनन फानन पीड़िता भाजपा महिला पदाधिकारी की तहरीर पर पांच नामजद समेत चार-पांच अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता के द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर आरोपियों पर छेड़छाड़, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे लाइन के किनारे पड़ा मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव रेलवे लाइन के किनारे पड़ा मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। सरोजनीनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी के मुताबिक लखनऊ-कानपुर रेल खंड स्थित अमौसी रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर एएच खान ने बुधवार सुबह थाने में सूचना दी कि अमौसी व पिपरसण्ड रेलवे स्टेशन के बीच किसान पथ अंडरपास से कुछ दूरी पर रेलवे लाइन के किनारे एक युवक का शव खून से लतपथ पड़ा है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने युवक के पास मिले कागजातों के आधार पर सरोजनीनगर के हाइडिल निवासी प्रभात कुमार (32) के रूप में उसकी पहचान करते हुए इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच और घटनास्थल देखकर लग रहा है कि प्रभात की ट्रेन से गिरकर या ट्रेन की टक्कर लगने से मौत हुई है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पड़ताल के बाद उसकी मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसकी हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के पिता राजनयन ने बताया कि प्रभात का मंगलवार को जन्मदिन था और वह अक्सर दोस्तों के साथ ही मिलकर अपना जन्मदिन मनाता है। प्रभात मंगलवार शाम करीब 8 बजे घर से निकला था। लेकिन काफी देर बाद भी वापस घर नहीं लौटा। रात करीब 11:30 बजे जब उसके फोन पर संपर्क किया गया तो किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन रिसीव करके खुद को चालक बताते हुए कहा कि यह फोन उसे पड़ा हुआ मिला है। उसने यह भी बताया कि सुबह होने पर फोन अमौसी पुलिस चौकी से मिल जाएगा। रामनयन का कहना है कि उसके फोन पर यह बात होने के बाद ही उसे आशंका हुई कि प्रभात के साथ कोई अनहोनी तो नहीं हो गई है। लेकिन बुधवार सुबह पुलिस से सूचना मिली की प्रभात की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। यह बात सुनते ही परिजनों का संदेह और भी गहरा गया। रामनयन की माने तो बाद में प्रभात का मोबाइल फोन और एटीएम कार्ड बुधवार सुबह उसे थाने से मिला।

## स्थानांतरित चौकी इंचार्ज समेत उपनिरीक्षको को दी विदाई




अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली से गैर जनपद स्थानांतरित कस्बा चौकी इंचार्ज समेत दो उपनिरीक्षको के सम्मान में बुद्ववार को कोतवाली परिसर में आयोजित विदाई समारोह में प्रभारी निरीक्षक आलोक राव व अतिरिक्त निरीक्षक रामबाबू सिंह समेत सभी उपनिरीक्षको व स्टाफ ने स्थानांतरित कस्बा चौकी इंचार्ज विजय शंकर सिंह समेत उपनिरीक्षक नन्हेलाल व उपनिरीक्षक दिनेश राय को पुष्प गुच्छ भेटकर व फूल-माला पहनकर विदाई दी ।प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने स्थानांतरित चौकी इंचार्ज समेत दोनो उपनिरीक्षको के कार्यकाल की सराहना की ।ज्ञात हो मोहनलालगंज कोतवाली के कस्बा चौकी इंचार्ज विजय शंकर सिंह का गोरखपुर जोन व उपनिरीक्षक नन्हेलाल व उपनिरीक्षक दिनेश राय का स्थान्तरण कानपुर पुलिस कमिश्नरेट हो गया था ।बुद्ववार को स्थानांतरित चौकी इंचार्ज समेत दोनो उपनिरीक्षको को कोतवाली परिसर में आयोजित समारोह में फूल माला पहनाकर सा सम्मान विदाई दी गयी ।इस मौके पर एसएसआई बेचू सिंह यादव, सिसेंडी चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह यादव, उपनिरीक्षक अनुराग पांडे, संतोष कुमार सिंह, मनोज यादव समेत सभी उपनिरीक्षक व पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में मंगलवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस मामले में मृतक के भाई ने एक तेल टैंकर व उसके चालक के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। काकोरी के बेहटा गांव निवासी राम पदारथ का बेटा राहुल रावत (26) सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ ऑफिस के फिटनेस ग्राउंड में नौकरी करता था। राहुल मंगलवार रात करीब 9 बजे अपनी ड्यूटी करके बाइक से वापस घर जा रहा था। तभी नादरगंज - अमौसी रेलवे स्टेशन रोड स्थित बेहटवा गांव के पास तेज रफ्तार वाहन ने उसे ठोकर मार दी। जिससे राहुल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इसकी जानकारी मृतक के परिजनों को हुई तो वह तमाम ग्रामीणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और रोड पर जाम लगा दिया। बाद में सरोजनीनगर पुलिस ने किसी तरह समझा बुझा कर उन्हें वहां से हटाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में मृतक के भाई मुकुल रावत ने तेल टैंकर (यूपी 32 पीएन 4212) के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर टैंकर नंबर के आधार पर उसके चालक का पता लगा रही है।

## चोरी की साइकिल के साथ चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

अमन लेखनी अमाचार



**सरोजनी नगर लखनऊ।** सरोजनीनगर में मंगलवार शाम दुकान के पास से साइकिल चुरा कर ले जा रहे एक साइकिल चोर को लोगों ने रंगे हाथों घर दबोचा। बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। सरोजनीनगर के न्यू गुड़ौरा, सेक्टर-ओ मानसरोवर योजना निवासी आशीष कुमार के मुताबिक इलाके में ही हिंद नगर स्थित पिपलेश्वर मंदिर के पास उसकी फूल की दुकान है। मंगलवार को वह अपने भाई के साथ दुकान पर काम कर रहा था और रोज की तरह दुकान के पास ही उसकी साइकिल खड़ी थी। आशीष का कहना है कि शाम को करीब 7:15 बजे अचानक उसकी नजर पड़ी तो साइकिल वहां से गायब मिली। इस पर उसने आसपास लोगों से जानकारी की तो पता चला कि एक व्यक्ति उसकी साइकिल लेकर पप्पू जूस वाले के तरफ जा रहा है। यह जानकारी मिलते ही दोनों दौड़कर वहां पहुंचे और एक युवक को अपनी साइकिल के साथ पकड़ लिया। बाद में इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की तो पकड़े गए साइकिल चोर ने अपना नाम पारा के सदरौना कॉलोनी फेस - टू निवासी हर्षित बताया। इस मामले में पुलिस ने आशीष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पकड़े गए चोर को जेल भेज दिया है।

## लखनऊ में लोगों ने देखी एक पति की हैवानियत, सड़क पर दौड़ाकर पत्नी को कैंची से गोदा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रविवार को शराब के रुपये देने से मना करने पर बस ड्राइवर बृजमोहन ने अपनी पत्नी सुमन को सरेराह कैंची से हमला कर लहुलुहान कर दिया। पत्नी बचने के लिये भागी तो उसने दौड़ा कर पांच बार कैंची घोपी थी। इस घटना से भगदड़ मच गई। कुछ लोग मदद के लिये दौड़े तो ड्राइवर ने उन्हें भी धमकाया और भाग निकला। सुमन के गले और कंधे में गहरे घाव होने से काफी खून सड़क पर ही फैल गया था। सुमन को ट्रॉमा सेन्टर में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। डालीगंज निवासी बेटे ने अपने पिता के खिलाफ हसनगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। आरोपी बृजमोहन फरार है।

### सब्जी लेने निकली थी महिला, पति पीछे से आ धमका

डालीगंज बरौलिया निवासी राहुल निषाद के मुताबिक पिता बृजमोहन निजी बस चलाते हैं। उन्हें शराब पीने की लत है। इस कारण आए दिन पारिवारिक विवाद होता है। रविवार की सुबह बृजमोहन ने पत्नी सुमन से शराब पीने के लिए रुपये मांगे थे। पत्नी ने शराब के लिए रुपये देने से मना कर दिया था। यह बात बृजमोहन को पसंद नहीं आई। वह पत्नी से झगड़ा करने लगा। इस बीच सुमन सब्जी लेने के लिए घर से बाहर निकल गई। पत्नी के बाहर जाते ही बृजमोहन भी पीछे चल दिया। डालीगंज लंबेश्वर पार्क के पास पहुंचने पर ड्राइवर ने पत्नी को आवाज दी। सुमन के मुड़ते ही बृजमोहन कैंची लेकर दौड़ पड़ा और पत्नी पर ताबड़तोड़ वार करने लगा। जिससे राहगीर भी खौफजदा हो गए। कुछ लोगों ने बृजमोहन को रोकने का प्रयास किया। जिस पर आरोपी ने मददगारों को भी कैंची लेकर दौड़ा लिया।

### खून से लथपथ पत्नी को सड़क पर छोड़ कर भागा

सरेराह पत्नी को घायल करने के बाद बृजमोहन मौके से फरार हो गया था। राहुल के मुताबिक एक पड़ोसी से उसे घटना की सूचना मिली। जिसके बाद वह मौके पर पहुंचा और मां को इलाज के लिए केजीएमयू ट्रामा सेंटर ले गया। डॉक्टरों ने सुमन के गले और कंधे में पांच जगह घाव होने की पुष्टि की है।

### एक महीने पहले भी हुआ था दोनों में झगड़ा

नशे की लत के कारण बृजमोहन अक्सर झगड़ा करता था। दिसंबर महीने में भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। पति की पिटाई से आहत होकर सुमन ने हसनगंज कोतवाली पहुंच कर तहरीर दी थी। जिसे पुलिस ने पारिवारिक विवाद मान कर दोनों के बीच समझौता कराया था।

## चोरी की बाइक व बैटरी के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। पुलिस ने शातिर चोरों को चोरी की एक बाइक व दो बैटरी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मलिहाबाद पुलिस को गश्त के दौरान सूचना मिली कि एक स्प्लेंडर प्लस बाइक से दो व्यक्ति चोरी की दो बैटरी लेकर मुंशीगंज गौशाला रोड होते हुए कहीं बेचने की फिराक में है और बाइक भी चोरी की है। पुलिस ने दबिश देकर दोनो व्यक्तियों को बाइक व बैटरी के साथ पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्तियों में पहले ने अपना नाम विकास शुक्ला निवासी पारा थाना मौरावां जनपद उन्नाव व हाल पता मलिहाबाद नगर पंचायत के मोहल्ले मुंशीगंज थाना मलिहाबाद लखनऊ बताया दूसरे ने अपना नाम आरिफ अली निवासी फुलैदा थाना आसीवन जनपद उन्नाव बताया। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनो ने बताया कि बीते 20 दिसंबर को हम लोगो ने इस बाइक को लखनऊ के ताल कटोरा क्षेत्र से चोरी किया था और उसकी नंबर प्लेट बदलकर चेचिस नंबर मिटा दिया था। बैटरी के बारे में पूछने पर बताया कि विगत 5 जनवरी को ठाकुरगंज क्षेत्र से जल निगम के आफिस में खड़ी गाड़ियों से बैटरी चोरी करके बेचने के लिए जा रहे थे। तभी पकड़े गए। तलाशी के दौरान उनके पास से पुलिस को दो एंड्राइड मोबाइल फोन व 830 रुपए बरामद हुए। पुलिस ने दोनों चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## बेखौफ चोरों ने घर से नकदी समेत लाखों के जेवरात किए पार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बेखौफ चोरों ने एक घर से नकदी समेत लाखों के जेवर पर हाथ साफ किया। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। हरदोई जनपद शाहाबाद थाने के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई देहात निवासी हफीज अहमद माल कस्बा के वीरांगना ऊदादेवी कन्या इंटर कालेज के पास मकान में रहते हैं। इनके घर मे मंगलवार देर रात अज्ञात चोरों ने पीछे के दरवाजे की जंजीर तोड़ कर घर के अंदर दाखिल हुए और घर की अलमारी में रखे 90 हजार रुपयों की नकदी और डेढ़ लाख कीमत के सोने और चांदी के जेवर चोरी कर फरार हो गये। घर मालिक को चोरी की जानकारी सुबह जब सो कर उठे तब उन्होंने घर के पीछे का दरवाजा खुला देखा। तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची माल पुलिस ने मौका मुआयना कर मिली तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## बस स्टेशनों पर दिखे अनुशासन, नहीं तो होगी कार्रवाई: मंडलायुक्त

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बुधवार को चारबाग बस अड्डे और चारबाग चौराहे का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चारबाग स्टैंड के प्रभारी को सख्त निर्देश दिया कि सड़क पर कोई बस खड़ा होता ना दिखे। चारबाग पर पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान पर पार्किंग पट्टी व मार्किंग कराया जाये। जिससे यातायात व्यवस्था सुगम और सुदृढ़ रूप से चलता रहे। चारबाग चौराहे पर वेंडिंग जोन के लिए नगर निगम द्वारा रेलिंग बनवा लिया जाए। जिससे ठेले खुम्चे अपने परिधि में ही रहे। इसके बाद मंडलायुक्त ने कमता चौराहा के निरीक्षण दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बस स्टैंड के बाहर अगर बस खड़ी मिलती है तो संबंधित बस चालक व कंडक्टर पर कार्रवाई की जाए। संबंधित अधिकारी नियमित रूप से अभियान चलाकर कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। सभी बस अड्डों पर अनुशासन दिखे नहीं तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सवारी को बस अड्डे पर ही उतारे और बैठाएं जिससे सड़क पर अनावश्यक जाम ना लगे व ट्रैफिक व्यवस्था बाधित न हो। इस दौरान एलडीए वीसी इन्द्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह और रोडवेज के लखनऊ रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी और अवध बस स्टेशन के बीएसएम मनोज शर्मा सहित अन्य अधिकारी व रोडवेज कर्मी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### छत से नीचे गिर कर वृद्ध की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के सरैया गांव के रहने वाले वृद्ध हरिशंकर लोधी किसानी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। बुधवार सुबह छत पर शौच क्रिया को गए थे। बंदर के दौड़ाए जाने पर बचाव में भागने पर छत से नीचे गिर कर जख्मी हो गए। जानकारी होने पर परिजन जख्मी हालत में उसे जिला अस्पताल की इमर्जेंसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हरिशंकर के भाई राम खेलावन ने बताया कि मौत को लेकर पत्नी रानी व विवाहित दो बेटे शैलेंद्र व मिथलेश तथा बेटी प्रीती रो-रोकर बेहाल हैं।

### दूषित व बदबूदार पानी आने से वार्डवासी परेशान, जिम्मेदार बने मुर्कद्रशक

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। भगवंतनगर टाउन एरिया के वार्ड नं०05 में कई दिनों से दूषित व बदबूदार पानी आ रहा है जिसकी शिकायत वार्डवासियो ने कई बार अधिशाषी अभियंत्रा से की परन्तु शिकायत को अनदेखा कर दिया गया। वार्ड नं०05 के निवासियो में धर्मा बोटा राहुल, ओम, प्रकाश विनय, बालगोविंद, आदि ने सभासद प्रमोद से व अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार से कई बार शिकायत की लेकिन कोई हल न निकला। वार्ड वासियों ने बताया हमारे घर मे नल की टोटियों करीब एक माह से दूषित पानी आ रहा है। दूषित पानी आने की वजह से बीमारियो का फैलने का खतरा बढ़ गया है। अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार ने बताया प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। प्लम्बर भेज कर लीकेज को सही कराया जाएगा।

### मेला प्रांगण में स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। सांप्रदायिक सौहार्द एवं सद्भाव का प्रतीक तकिया मेला में बुधवार को प्रशासनिक कैंप में स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत प्रस्तुत किए गए श्रोताओं ने भी उन्हें जमकर सराहा उपजिलाधिकारी ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ कराया। तकिया मेला में पुरानी परंपरा के तहत स्कूली बच्चों के द्वारा बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए गिरजा शंकर इंटर कॉलेज बिहार ' त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज बिहार ' महात्मा गांधी इंटर कॉलेज पाटन' बाबा ब्रह्मदेव इंटर कॉलेज पाटन ' बाजितपुर इंटर कॉलेज सुमेरपुर आदि बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिम बच्चों के द्वारा नृत्य कलाकार नृत्य कला का प्रदर्शन किया गया मेला दिलो का मेला है आता है चला जाता हैं जैसे अनेक गीत पर स्कूली बच्चों के द्वारा नृत्य व सामूहिक नृत्य व कला का मंचन आयोजन किया गयाआए हुए कलाकारों को मेलाअधिकारी/ उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी ने प्रमाण पत्र दिए।

# ठंड व शीत लहर से बचने के लिए बरते सवधानियां

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश में अत्यधिक ठण्ड एवं शीत लहरी से उत्तपन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत प्रदान करने के निर्देश दिये गये है। शीतलहरी के दृष्टिगत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा शीतलहरी के दौरान क्या करें, क्या न करें एडवाइजरी प्रेषित की गयी है।

### शीतलहरी से बचाव हेतु एडवाइजरी

#### सामान्य निर्देश

कोयले की अंगीठी हीटर इत्यादि का प्रयोग करते समय सावधानी बरतें तथा कमरें में शुद्ध हवा का आवागमन/वेंटिलेशन/वायु-संचार बनायें रखें। ठंड लगने के लक्षणों जैसे हाथ-पांव सुन्न हो जाना, हांथ पैर की उंगलियों में सफेद या नीले रंग के दाग उभर आने पर नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करे। शरीर को गर्म रखने के लिए पोषक आहार जैसे सूखे फल, खजूर, चाय, कॉफी, सूप आदि का सेवन करें। हाइपोथर्मिया (शरीर के असामान्य तापमान) के लक्षण जैसे याददाश्त का कमजोर पडना, असीमित ठिठुरना, सुस्ती, थकान, तुतलाना तथा कार्य में भटकाव इत्यादि के लक्षण महसूस होने पर तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें। शरीर को गर्मी प्रदान करने के लिये स्वस्थ भोजन खाएं एवं पीने के लिये गैर-मादक पेय पदार्थ का प्रयोग करें। मौसम और आपातकालीन प्रतिक्रिया की जानकारी के लिए सभी मीडिया स्त्रोतों के माध्यम से निगरानी रखें।

#### यातायात हेतु निर्देश

सर्दियों में गाड़ियों में फॉग लाईट का इस्तेमाल करें। गाड़ियों के आगे व पीछे रेडियम पट्टी का प्रयोग करें। भार ढोने वाले वाहन के चालक इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पीछे से आ रही एम्बुलेंस को रास्ता दें। वाहन में हमेशा प्राथमिक उपचार किट अवश्य रखें। शॉल व कम्बल ओढकर वाहन न चलायें। दोपहिया वाहन चालक शीतलहरी/ठंड में बहुत आवश्यक होने पर ही घर से वाहन लेकर बाहर निकलें, दोपहिया वाहन चालक शीतलहरी/ठंड में बाहर निकलते समय गर्म कपडे, दस्ताने चश्मा, हेलमेंट पहनकर निकलें। दोपहिया वाहन चालक शीतलहरी में वाहन को धीमे चलायें इससे खुद के साथ-साथ दूसरो को भी सुरक्षित रख सकते हैं।

#### पशुओ हेतु निर्देश

ठण्ड के मौसम में पशुओं को थनैला, मिल्क फीवर, नेमोटाइटिस आदि रोग होने का खतरा रहता है इसलिए पशुओं को समय-समय पर चिकित्सक को दिखाते रहे पशुओं को रात में खुले पेड़ के नीचे अथवा घर से बाहर ना निकालें। पशुओं को ठंड के समय में गुरु व कैल्शियम टॉनिक पिलाएं पशुओं को ठंड के मौसम में जूट की बोरी अथवा घर में पड़ा पुराना कंवल उढाएं। प्रेगनेंट पशुओं को ठंड लगने की ज्यादा संभावना होती है उनके पास अलाव जलाकर रखें लेकिन यह भी ध्यान में रखें कि अलाव से पशुओं को कोई नुकसान ना पहुंचे। पशुओं को ठंड के मौसम में स्नान कराने से परहेज करना चाहिए। पशुओं के नीचे बैठने वाले स्थान पर पराली/ गन्ने की पत्ती जरूर डालें।

#### कृषि हेतु निर्देश

बेहतर जड़ वृद्धि को सक्रिय करने के लिए ठंड से होने वाली बीमारी/चोट के लिए उपचारात्मक उपाय करें जैसे बोर्डो मिश्रण या कॉपर ऑक्सीक्लोराइड, फॉस्फोरस और पोटेशियम का स्प्रे करे। शीतलहर के दौरान जहां भी संभव हो हल्की और बार-बार सतही सिंचाई (पानी की उच्च विशिष्ट गर्मी) करें। यदि संभव हो तो स्प्रिंकलर सिंचाई (संक्षेपण-आसपास की गर्मी को छोड़ना) का उपयोग करें। ठंडे पाले प्रतिरोधी पौधों/फसलों/किस्मों की खेती करें। बागवानी और बगीचों में अंतरफसल खेती का प्रयोग करें। सरसों जैसी लंबी फसल के साथ सब्जियों, जैसे टमाटर, बैंगन की मिश्रित फसल अरहर की दाल ठंडी हवाओं के खिलाफ आवश्यक आश्रय ठंड के खिलाफ आश्रय प्रदान करेगी।

# घना कोहरा के चलते फसलों में करें दवा का छिड़काव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसान भाइयों को सूचित करते हुए कहा कि इस समय तापमान एवं घना कोहरा गिरने के साथ-साथ आर्द्रता बढ़ने के कारण रबी की फसलों में कीट/रोग के प्रकोप की सम्भावना बढ़ गयी है। ऐसी दशा में आलू में पछेती झुलसा, तिलहनी फसलों में माहू एवं पाला से अन्य फसलों के प्रभावित होने की सम्भावना है। आलू में पछेती झुलसा के प्रकोप से बचाव हेतु जिनेब 75 प्रतिषत डब्लू0 पी0 2 किग्रा0 अथवा कॉपर आक्सी क्लोराइड 50 प्रतिशत 2.50 किग्रा0 मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से 750-1000 लीटर पानी में घोलकर सुरक्षात्मक छिड़काव करें। तिलहनी फसलों राई/सरसों में माहू के प्रकोप की दशा में एजाडिरैक्टिन (नीम आयल)0.15 प्रतिशत ई0सी0 2.50 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से 500 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। रासायनिक नियंत्रण डाईमेथोएट 30 प्रतिशत ई0सी0 01 लीटर अथवा इमिडा क्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एस0 एल0 250 मिली0 प्रति हेक्टेयर की दर से 500-600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

जिन क्षेत्रों तापमान में भारी गिरावट हो रही है वहाँ पाले से बचाव हेतु खेत में हल्की सिचाई करें। खेतो के चारो ओर धुआँ करें एवं पौधो को बचाव हेतु पॉलीथीन या पुवाल से ढक कर रखें।

# दो महिला, एक वृद्ध व किशोरी को सियार ने काट कर किया घायल

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। खेत की रखवाली व मवेशी का चारा लेने महिला व बुर्जग ब्यक्ति व किशोरी को सियार के हमले का शिकार हुए। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भूपतिपुर के बाहर सीएचओ को भी काटा। जहां सीएचसी में चारों घायलों का उपचार हुआ। कोतवाली के गांव शंकरचक की गुड्डी 42 पत्नी राम औतार ने बताया कि बुधवार की सुबह खेत में मवेशियों का चारा लेने गई थी जहां सियार ने अचानक हमला बोल दिया। जिससे हाथ में काट लिया। वही इसी गांव की अंशिका 13 पुत्री सोनू को भी खेत पर जानवरो का चारा लेने गई थी जहाँ सियार के द्वारा उसे भी काटा। जबकि ग्राम भूपतिपुर के बचोले 70 वर्ष खेत की रखवाली करते समय बुधवार को दिन में काट लिया। वही मझिगवा सदकू में तैनात सीएचओ वंदना स्कूटी से भूपतिपुर गांव में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जाते वक्त अचानक सियार के हमले से हाथ में काट लिया। चिल्लाने पर सियार भाग निकला। सियार के हमले से घायलों को लेकर परिजन सीएचसी में इलाज हुआ।

# विकास खंड स्तरीय किसान मेला एवम प्रदर्शनी आयोजित




अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। कृषि सूचनातंत्र एवं कृषि जागरूकता कार्यक्रम में विकास खंड स्तरीय गोष्ठी एवं मेला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मोहान विधायक माननीय ब्रजेश कुमार रावत, औरास नगर पंचायत चेयरमैन राकेश कुमार , एवं विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार मौर्या पुजानी सिंह गौरव पांडेय सुरेंद्र सिंह एवम जिले से आये विषय वस्तु विशेष डा रंजन द्विवेदी राजकीय बीज भंडार प्रभारी अजय सिंह, एवं समस्त कर्मचारी व सैकड़ों किसान एवम क्षेत्रीय सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

# उपस्थित जन समूह की जिला पंचायत अध्यक्ष ने सुनी समस्याएं

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त सचल वाहनों द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा संचालित की जा रही है। यह यात्रा जनपद के 06 विकास खण्डों की 18 ग्राम पंचायतों में संचालित की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि ग्राम पंचायत में निवासित जन समूह को जनपद में संचालित योजनाओं का लाभ जन -जन तक पहुंचाना।

विकसित भारत संकल्प यात्रा की आज की कड़ी में जनपद में नवाबगंज, विछिया, असोहा बांगरमऊ, बीघापुर एवं एफ - चौरासी विकास खण्डों के ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजित सभी विकास खण्डों में लगभग 20000 स्थानीय निवासियो ने प्रतिभाग कर वर्ष 2047 भारत देश को विकसित करने का संकल्प लिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा दौरान ग्राम पंचायत में निवासित ग्रामवासियों तक जनपद में संचालित योजनाओं का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से राज्व विभाग, सहकारिता, कृषि विभाग, स्वास्थ विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति, ग्राम्य विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा, जिला अग्रणी बैंक, पशुपालन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लाभान्वित किया गया।

कृषि विभाग के तत्वावधान में संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के किसानों की ई-केवाईसी,एनपीसीआई, भू-अंकन एवं किसानों का ओपेन सोर्स के किसानों की समस्याओं का समाधन किया गया तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत के 5 किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भेजे जाने का प्रमाण दिया गया। विकास खण्ड फतेहपुर चौरासी के ग्राम पंचायत खैरीगुरदासपुर में जिलापंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने प्रतिभाग कर उपस्थित जन-समुह एवं किसानों की समस्याओं से अवगत हुए तथा जिन समस्याओं का निदान तत्काल सम्भव था उसका निदान करवाये अन्य समस्याओं का अतिशीघ्र निदान कराने का आश्वासन दिये।

# स्वास्थ्य शिविर में लगभग आठ सौ मरीजों का किया गया परीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के गांव ठकुराइनखेड़ा में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में लगभग आठ सौ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण में परामर्श के उपरांत दवाएं वितरित की गयी। तहसील क्षेत्र के ठकुराइनखेड़ा गांव में तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण का शिविर लगाया गया। यह शिविर मिशिका सुपर स्पेशलिटी कानपुर के तत्वावधान में लगाया गया था। आठ जनवरी से दस जनवरी तक आयोजित शिविर में लगभग आठ सौ बीस लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस शिविर में शुगर, ब्लड प्रेशर ,आंख, चर्मरोग, दंतरोग आदि के लगभग 820 मरीजों की जांच कर दवाएं वितरित की गयी। सम्पन्न शिविर के अंतिम दिन वरिष्ठ चिकित्सक सुरेन्द्र पटेल ने बताया कि ब्लडप्रेशर व शुगर की बीमारी आम बीमारी बनती जा रही है यह किसी भी उम्र लोगो मे बहुतायत पायी जाती है। बुजुर्गों को विशेषकर जाड़े में खानपान का नियमित ध्यान रख शरीर की जाचे करवाते रहना चाहिए। शिविर में डा.अभिषेक श्रीवास्तव, डा.सरदार सिंह, डा. अभिलाष बाजपेई, डा. वी.के.दीक्षित, डा. ए.के.सचान, डा. राहुल वर्मा, डा. एस.जी. वर्मा व महिला रोग विशेषज्ञ डा. नीलम यादव ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इस मौके पर विजय पी.लाल, मुन्ना सिंह बक्सर, प्रधान पति बीरेन्द्र सिंह, प्रहलाद, कमलेश बाजपेयी, हनी सचान, जोया खान, कीर्ति, जितेन्द्र, आदर्श आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# एक क्लिक पर कटेगा चालान नेशनल हाईवे पर सीसीटीवी रोकेंगे ओवर लोडिंग का खेल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। खनन विभाग को लाखों का चूना लगा रहे गिट्टी मौरंग ले जाने वाले ट्रकों को सबक सिखाने के लिए विभाग ने हाइवे पर ऑटोमेटिक कैमरे लगाये हैं। जिससे बिना रायल्टी के निकलने पर स्वतः चालान हो जाएगा। कैमरे लगने के बाद हाईवे से ओवरलोडिंग का खेल करने वाले वाहन चालकों में खलबली मची है उधर इस प्रणाली से सरकार के राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी।

मध्य प्रदेश और झांसी, कानपुर, जालौन, महोबा, हमीरपुर समेत कई इलाकों से उन्नाव, कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी गिट्टी और मौरंग ले जाने वाले ट्रक, डंपर, 18 चक्का ट्रक बिना रायल्टी के खेल करते हुये सरकार को प्रतिदिन लाखों का चूना लगा रहे थे, प्रशासन ने इसकी रोकथाम के लिये कानपुर लखनऊ लेन स्थित जाजमऊ के पास हाइवे पर ऑटोमेटिक कैमरे लगाये हैं, जो सौर ऊर्जा से संचालित हैं।

खनन अधिकारी अनंत कुमार ने बताया कि बिना रायल्टी के ट्रक निकल जाते थे, कैमरे लगाए गए हैं, अब उनकी धरपकड़ हो जायेगी, क्योंकि जहां से ट्रक लोड किये जायेंगे। वहां से ट्रक नंबर जारी किया जायेगा साथ ही एक चीप भी लगाई जा रही है। जिससे कैमरे के सामने ट्रक आते ही पकड़ जायेगा। यदि बिना रायल्टी के ट्रक जा रहा है तो उसका ऑटोमेटिक चालान हो जाएगा।

लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे से रोजाना हजारों ट्रक और डंपर का आवागमन होता है ज्यादातर यह वहां उन्नाव हरदोई सीतापुर लखीमपुर खीरी लखनऊ बाराबंकी को जाते हैं अब तक ओवरलोडिंग के वाहनों को पास करने में प्राइवेट चेक कर सकरी थे जो परिवहन विभाग और खनन विभाग से बचकर गाड़ियां निकलवा रहे थे लेकिन अब सीसीटीवी कैमरा लगने से ऐसे वाहनों का सीधे चालान होगा। अब बचाना संभव नहीं है।

# किसान यूनियन के कार्यकर्ताओ ने ब्लाक परिसर में की मासिक बैठक

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की इकाई द्वारा विकास खण्ड स्तरीय मासिक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें किसानो की समस्यायो में मुख्य मुद्दा आवारा जानवरों का रहा। आवारा जानवरो से किसानो की जीविकोपार्जन हेतु फसल नष्ट-भ्रष्ट बर्बाद कर रहे इन्हे पकड़ कर गौशालाओं में भेजा जाय ठंड में किसानों को आवारा जानवरो से फसल बचाने के लिए रात रात फसल रखवाली करनी पड़ रही है राशन कार्ड की भी समस्या दूर की जाय आवासों का न्यायचित निस्तारण किया जाय फसल बचाओ नसल बचाओ किसान बचाओ देश बचेगा के तहत गांव -गॉव अभियान चलाये जाने एंव आप आये , किसानो को लाये ,जय जवान जय खेतिहर मजदूर ग्रामीण क्षेत्रीय किसान जिन्दाबाद. किसान हितैषी आंदोलनरत जैसे नारो के साथ खंड विकास अधिकारी की गैर मौजूदगी में वरिष्ठ लिपिक को ज्ञापन सौंपा। पंचायत में उपस्थित किसानों की समस्याओं को तथा पूर्व में दिए गए ज्ञापन के विषय में भी जानकारी मांगी इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राम प्रताप यादव तहसील अध्यक्ष रामचन्द्र यादव ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मोती लाल सुभाष इंदल अरविंद कुमार रोहित मुन्नीलाल राज कुमारी राम शंकर बाबू लाल राम देवी समेत काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# अनियंत्रित तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से एक किशोरी की मौत, चार घायल

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। लालगंज नेशनल हाईवे पर तकिया मेला के सामने अनियंत्रित तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से एक किशोरी की मौत हो गई वही चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है मृतक किशोरी के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दियो थाना बिहार के अंतर्गत चौकी पाटन से एक किलोमीटर दूर उन्नाव से लालगंज नेशनल हाईवे में तकिया मेला के सामने उन्नाव की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार तकिया मेला के सामने ग्राम गजपति खेड़ा थाना सरेनी जिला रायबरेली से मेला देखने आए निजामुद्दीन व निजामुद्दीन की 7 वर्षीय पुत्री आसिफा खातून पत्नी अलिमुन शाह ' चंद्र मोहन किदवई नगर निवासी निहाल पुत्र चंद्र मोहन व चंद्र मोहन राम भारती सड़क के किनारे खड़े थे अनियंत्रित कार इन लोगो को जोरदार टक्कर मारते हुए खंती में जा गिरी जिसमें सभी लोगों के गंभीर चोटें आईं आसिफा खातून ने मौके पर ही दम तोड़ दिया पुलिस ने अन्य घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन ले गए जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहीं मृतक व घायलों के परिवार व रिश्तेदारों को जैसे घटना की सूचना मिली कोहराम मच गया।

# 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के घर घर दीप जलाने को कर रहे जागरूक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया की अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है, इसको लेकर पूरे प्रदेश भर में भी उत्साह देखने को मिल रहा है रामलला का मंदिर बनने पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग दीपावली जैसा पर्व मनायेंगे इसको लेकर लोग घरों, मंदिरों में तैयारियां कर रहे हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्र के रहने वाले अंकित शुक्ला को गाय के गोबर के दीये बनाने के ऑर्डर मिल गये हैं और उन्होंने दीये बनाने भी शुरू कर दिये अंकित शुक्ला ने कहा कि आयोध्या में रामलला के मंदिर बनने और प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन अपने अपने घरों, मंदिरों, प्रतिष्ठानों, फैक्ट्री के अलावा अन्य स्थानों पर इस दिन को दीवाली के रूप में मनाने की अपील की है इसके साथ ही कुसुम्भी गांव में गाय के गोबर से दीये बनाते है राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के अध्यक्ष अंकित शुक्ला घर-घर जाकर पूजित अक्षत व गाय के गोबर से निर्मित दीप बांटने और 22 जनवरी को दीवाली बनाने की अपील भी कर रहे हैं। जिसे देखते हुये कानपुर, अमेठी, लखनऊ सीतापुर रायबरेली उन्नाव के अलावा आस पास जनपद के क्षेत्रों में गाय गोबर से निर्मित के दीये बनाने के ऑर्डर दिये हैं जो दीयों आदि का बड़े पैमाने पर काम करते हैं प्रधानमंत्री के अपील के बाद से ही उनके पास दीयों को लेकर एडवांस में आर्डर आने लगे थे मौसम की मार से परेशान हैं जनवरी के पहले दिन से भीषण कोहरा, बफीर्ली हवाएं चलने के साथ ही कई बार बारिश होने से परेशान है उनका कहना है कि मौसम सही न होने के कारण गाय के गोबर से दीए बना रहे है और उनके द्वारा बनाये गये गाय के गोबर के दीपक सूख नहीं पा रहे हैं। ऐसे में आर्डर पूरा कर पाना टेढ़ी खीर साबित होगा रामलला के मंदिर बनने से सर्दी के मौसम में भी उन्हें काम मिला जिससे उनके चेहरे पर खुशी भी देखने को मिल रही है देखते हुए अंकित ने दीये बनाने काम तेजी से शुरू कर दिया गया है। जिससे 22 जनवरी की रात दीपकों से जगमग होगी। अंकित शुक्ला ने अपनी संस्था के माध्यम से कई लाखों-लाख दीप वितरण कर भी चुके है और जन जन तक पहुंच भी रहे है अभी तक ऐसे कार्यक्रम को जन जन तक पहुंचाने व दीप वितरण कार्यक्रम के अव्वल भी चल रहे है घर घर-घर संकल्प भी दिला रहे है।

# एसबीआई बैंक में घुसा सांड, मची अफरा तफरी

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। एसबीआई बैंक में एक सांड की एंट्री के बाद हड़कंप मच गया। सांड उस समय वहां पहुंचा, जब लोगों के साथ-साथ कर्मचारी लेन-देन के काम में व्यस्त थे। सांड के बैंक पहुंचते ही किसी ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इसके बाद बैंक के सिक्योरिटी गार्ड जब उसे भगाने लगे, तो सांड बिदक उठा। पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। इसी वीडियो पर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यूजर्स ने लिखा, शायद यह सांड बैंक में पैसे निकालने गया होगा। पूरा मामला सदर कोतवाली अंतर्गत शाहगंज सदर बाजार स्थित एसबीआई मेन ब्रांच का है। यहां सांड को देख बैंक के अंदर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। वहीं सांड को भगाने के लिये सिक्योरिटी गार्ड डंडा लेकर पहुंचा और उसे किसी तरह बैंक के बाहर निकाला। इसके बाद बैंक में मौजूद खाताधारकों ने राहत की सांस ली। बैंक के अंदर का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है सांड के बैंक में आ जाने से हड़कंप मच गया और बैंकिंग कार्य से आए कस्टमर इधर-उधर भागने लगे। लोगों में डर भी रहा। सिक्योरिटी गार्ड सांड को भगाने का प्रयास करता रहा काफी देर बाद बाहर निकाला जा सका। सवाल यह है कि जब इस तरह की सरकारी एसबीआई बैंक में सांड घुस सकता है तो कोई भी संदिग्ध भी जा सकता है। एसबीआई बैंक के गेट पर ना तो कोई गार्ड है ना ही कोई सुरक्षा कर्मी है। बैंक की सुरक्षा भगवान भरोसे है। बैंक के अंदर जब कुछ लोगों से बातचीत की गई तो बताया गया यहां पर एक गार्ड है जो कि सारा कार्य देखता है। बीते दिन जो गार्ड की ड्यूटी थी वह आज छुट्टी पर है। बैंक के किसी भी कर्मचारी ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया है।

# बड़े ही धूमधाम से मनाया गया प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। साईं दरबार मंदिर लोकनगर चौरा रोड पर चल रही सप्तदिवसीय भगवान की अमृतमयी कथा के तृतीय दिवस में राघवेंद्र सरकार प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव बड़े ही धूम धाम उत्साह उमंग के साथ मनाया गया। वृंदावन से पधारी देवी दीक्षा अवस्थी जी ने बताया कि किस प्रकार भगवान ने पापियों का सर्वनाश करने के लिए साधुओं की सेवा करने के लिए अवतरित होते है। भगवान कहते है जब जब धरती पर पापियों का अत्याचार बढ़ेगा तब तब मै धरती पर अवतार लेता रहूंगा।

भगवान श्रीराम की बाललीला का बखान किया। राम कथा के दौरान देवी ने बताया कि भगवान श्रीराम का जन्म अवध नरेश राजा दशरथ के यहां हुआ। श्रीराम के सभी अंग अत्यंत सुडौल और सुंदर थे। उनको देखते ही मन लुभा जाता था। राजा दशरथ और रानी कौशल्या के प्रेम में वशीभूत होकर श्री राम पवित्र बाल लीला करते थे। कथा के क्रम में उन्होंने कहा कि एक बार माता कौशल्या ने श्रीराम को स्नान और श्रृंगार करा कर झूला पर सुला दिया और स्वयं स्नान कर अपने कुलदेव की पूजा कर नैवेद्य भोग लगाकर पाक गृह गई। जब वह पुनः लौट कर पूजा स्थल पर आई तो उन्होंने देखा कि देवता को चढ़ाए गए नैवेद्य शिशु रूपी भगवान राम भोजन कर रहे हैं। जब उन्होंने झूला पर जाकर देखा तो वहां भी उन्होंने श्री राम को झूले पर सोते पाया। इस तरह पूजा स्थल और झूला के पास उन्होंने कई चक्कर लगाया और दोनों जगह पर उन्होंने श्रीराम को पाया। इस दृश्य को देखकर कौशल्या डर गई और कांपने लगी। माता की अवस्था देख श्री राम ने माता को अपना अद्भुत रूप दिखाया। उन्होंने दिखलाया कि उनके एक-एक रोम में करोड़ों ब्रह्मांड लगे हुए हैं। भगवान का विराट रूप देखकर कौशल्या माता प्रफुल्लित हो गई और आंखें मूंदकर भगवान के चरणों पर गिर पड़ी। भगवान श्रीराम ने माता को बहुत समझाया और कहा कि हे माता यह बात आप किसी से ना कहेंगी। राम कथा सुनने को लेकर काफी संख्या में भक्तजनों की भीड़ उमड़ रही है। राम कथा के दौरान देवी दीक्षा अवस्थी द्वारा भजन आदि सुना कर भी श्रद्धालुओं का मन मोहा जा रहा है।

कथा के दौरान साईं मंदिर के संस्थापक सुरेंद्र कुमार वर्मा बाबा , कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष चेतन मिश्रा ,एडवोकेट अशोक कुमार वर्मा , मंजू वर्मा , सौरभ वर्मा , विमलेश अवस्थी आदि हजारों श्रोता उपस्थित रहें।

चिंतन

## अपनी अंतर्राष्ट्रीय मर्यादा को समझे मालदीव

भारत को अपने किसी भी क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने व उसके महत्व को प्रचारित करने का संप्रभु हक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप में स्नॉर्कलिंग की अपनी तस्वीर शयर करते हुए भारतीयों से लक्षद्वीप घूमने जाने की अपील की। इसमें किसी को क्यों आपत्ति होनी चाहिए? भारत की अपनी आबादी ही इतनी है कि किसी भी क्षेत्र के पर्यटन विकास के लिए काफी है। भारत अपने सभी पड़ोसियों का ध्यान रखता आया है। एक छोटे द्विपीय देश होने के नाते मालदीव अपनी सुरक्षा के लिए आज भी भारत पर भौगोलिक रूप से निर्भर है। ऐसे में चीनी प्रभाव वाले दल की सरकार की नेता का अंतरराष्ट्रीय नियमों के विपरीत जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का मजाक उड़ाना मालदीव के लिए ही खतरा लेकर आएगा। उन्हें अपनी अंतर्राष्ट्रीय मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। चीनपरस्त मालदीव सरकार को पाकिस्तान, श्रीलंका, कई अफ्रीकी देशों की चीन से दोस्ती के चलते बिगड़ी अर्थव्यवस्था को देखते हुए सबक लेना चाहिए। भारत अगर अपने पर्यटन स्थल की बात करता है तो इसमें मालदीव के नेताओं को ऐतराज क्यों होना चाहिए? मालदीव को अपने पर्यटन पर भरोसा होना चाहिए। यह भी सही है कि मालदीव का पर्यटन भारतीय उद्यमियों व पर्यटकों पर अधिक टिका हुआ है। पीएम मोदी का प्रयास लक्षद्वीप को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने का है। मालदीव सरकार ने बेशक अपने मंत्री के बयान से किनारा किया है, लेकिन उसे नहीं भूलना चाहिए कि भारत से उसका संबंध बहुत पुराना है। भारत से बैर कर मालदीव का ग्लोबल अर्थव्यवस्था में टिके रहना मुश्किल होगा। चीनी शह में मालदीव की मुइज्जू सरकार बेशक भारत विरोधी हो जाए, लेकिन भारत के पीएम का मजाक उड़ाने का हक उस सरकार की मंत्री को कतई नहीं है। भारत के आंतरिक मामले में मालदीव सरकार के किसी मंत्री को किसी भी प्रकार की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। मालदीव के राजनीतिज्ञों के एक समूह द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के प्रति की गई किसी भी अपमानजनक और नस्लवादी टिप्पणी अशोभनीय व निंदनीय है। भारत इसकी निंदा करता है। मालदीव को आतिथ्य, सहिष्णुता, शांति और सद्भाव के सिद्धांतों का ध्यान रखना चाहिए। भारत मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बल के लिए सबसे बड़ी संख्या में प्रशिक्षण प्रदान करता है, जो उनकी लगभग 70% रक्षा प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करता है। मालदीव के अड्डू में भारत की सहायता से एक ड्रग डिटॉक्सिफिकेशन और पुनर्वास केंद्र तैयार किया गया है। यह केंद्र स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, मत्स्य पालन, पर्यटन, खेल और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में भारत द्वारा कार्यान्वित की जा रही 20 विकास परियोजनाओं में से एक है। भारत-मालदीव संबंधों को तब से क्षति पहुंची है, जब मालदीव ने वर्ष 2017 में चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया। श्रीलंका, पाकिस्तान तथा मालदीव जैसे देशों में चीन की बढ़ती उपस्थिति भारत के लिए चिंता का विषय जरूर है, पर वह सतर्क है। इन क्षेत्रों में चीनी-नियंत्रित बंदरगाहों एवं सैन्य सुविधाओं का विकास भारत के रणनीतिक हितों व क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए एक चुनौती है। दक्षिण एशिया और हिंद महासागर की समुद्री सीमाओं में क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत को हिंद-प्रशांत सुरक्षा क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण सामरिक भूमिका निभानी चाहिए।

# ग्लोबल वार्मिंग से निपटे भारत



विश्लेषण

डॉ. अश्विनी महाजन

कॉप-28 को नतीजों तक पहुंचने में तय सीमा से ज्यादा समय लगा, लेकिन विश्व में इस बाबत खुशी जताई जा रही है कि इस सम्मेलन के बाद दुनिया में मानव जनित ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए बेहतर संभावनाएँ होंगी। तेल लॉबी की तीव्र पैरवी के बावजूद, 2050 तक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस के भीतर सीमित करने के लिए सभी देश जीवाश्म ईंधन, कोयला और तेल एवं गैस दोनों से दूर जाने पर सहमत हुए हैं। इस बहस में भारत का यह कहना था कि यदि जीवाश्म ईंधन के उपयोग को क्रमश: कम करना है तो इसमें कोयले और पेट्रोलियम पदार्थों में भेद नहीं होना चाहिए। भारत को ग्लोबल वार्मिंग से निपटने का अभियान जारी रखना चाहिए।

बीते महीने दिसंबर की 14 तारीख को दुबई में यूनाइटेड नेशन फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज के तहत कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ का 28वां सत्र सम्पन्न हुआ, जिसे कॉप-28 के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि कॉप-28 को नतीजों तक पहुंचने में तय सीमा से ज्यादा समय लगा, लेकिन विश्व में इस बाबत खुशी जताई जा रही है कि इस सम्मेलन के बाद दुनिया में मानव जनित ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए बेहतर संभावनाएँ होंगी। हालांकि दो सप्ताह तक चलने वाले इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में घोषणाएं की गई, लेकिन इस सम्मेलन के अंतिम समय में एक ऐसी महत्वपूर्ण घोषणा हुई है, जिससे पूरी दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग और मौसम परिवर्तन से राहत की एक बड़ी उम्मीद जगी है। तेल लॉबी की तीव्र पैरवी के बावजूद, 2050 तक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस के भीतर सीमित करने के लिए सभी देश जीवाश्म ईंधन, कोयला और तेल एवं गैस दोनों से दूर जाने पर सहमत हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत होने वाले 27 कॉप सम्मेलन इससे पूर्व हो चुके थे, जिनमें कुछ बातें हुई, कहीं-कहीं पर मौसम परिवर्तन और वैश्विक उष्णता को थामने के लिए कुछ प्रयास भी हुए, लेकिन विकसित देशों की यह जिद्द कि वे अपनी जीवन पद्धति बदलने के लिए तैयार नहीं हैं, ने इन प्रयासों के प्रभाव को कम किया। विकसित देशों का यह कहना है कि चाहे जो भी स्थिति हो, वे अपनी जीवन पद्धति को बदल नहीं सकते हैं। सच्चाई यह है कि औद्योगीकरण के समय से लेकर अब तक दुनिया में 23 समृद्ध औद्योगिक देश कुल ऐतिहासिक उत्सर्जन के 50 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हैं और बाकी 50 प्रतिशत के लिए 150 से अधिक देश जिम्मेदार हैं।लगभग एक शताब्दी में पेट्रोलियम तेल और गैस का उपयोग 82.34 गुना और कोयले का उपयोग 4.56 गुना बढ़ा है, लेकिन इसमें भी विकसित देशों का योगदान विकासशील देशों की तुलना में कहीं ज्यादा है। हम समझ सकते हैं कि विकसित देशों द्वारा जीवाश्म ईंधनों का उपयोग भी कहीं अधिक अनुपात में बढ़ा है।

आधुनिकीकरण और विकास के नाम पर वाहनों के उपयोग में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आर्थिक संवृद्धि के और जीडीपी में ग्रोथ के नाम पर औद्योगिक उत्पादन भी भारी मात्रा में बढ़ा है। आज लोग ज्यादा और ज्यादा चीजों का उपभोग करने लगे हैं, जो पूर्व की तुलना में कई सौ गुणा ज्यादा है। वाहनों, उद्योगों, कृषि आदि के परिचालन में पेट्रोलियम पदार्थों सरीखे जीवाश्म ईंधनों का उपयोग बेतहाशा बढ़ा है व इस कारण ग्लोबल वार्मिंग भी बढ़ी है।

पिछली एक शताब्दी में वाहनों, विद्युत उत्पादन, औद्योगिक कार्यों और कृषि समेत अनेकानेक गतिविधियों में जीवाश्म ईंधन यानि पेट्रोलियम पदार्थ, कोयला इत्यादि का उपयोग लगातार बढ़ता गया, जिसके चलते दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों जैसे कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ 2), मीथेन (सीएच 4), नाइट्रस ऑक्साइड (एन 2ओ), हाइड्रोफ्लूरोकार्बन (एचएफसी), परफ्लूरोकार्बन (पीएफसी), सल्फर




हेक्साफ्लोराइड (एसएफ 6) का उत्सर्जन भी बढ़ा। इससे विश्व ग्लोबल वार्मिंग और मौसम परिवर्तन जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। समुद्र स्तर बढ़ने के कारण तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोग अपने स्थान से विस्थापित हो रहे हैं, कहीं अल्प वृष्टि तो कहीं अति वृष्टि और तूफ़ानों के कारण, दुनिया विभिन्न प्रकार के संकटों का सामना कर रही है। कृषि उत्पादन पर भी संकट आ रहे हैं। कई स्थानों पर तापमान इतना अधिक बढ़ता जा रहा है कि लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है।

मौसम परिवर्तन पर होने वाले संयुक्त राष्ट्र के तमाम कॉप सम्मेलनों में प्रारंभ से ही यह लक्ष्य रहा है कि दुनिया का तापमान 2050 तक औद्योगएमपीकरण से पूर्व की स्थिति की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा न बढ़ने पाए। क्योटो सम्मेलन में जहां ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन की कमी के लक्ष्य निर्धारित किए गए थे, के बाद कॉप सम्मेलनों में बातें तो बहुत हुईं, लेकिन क्योटो सम्मेलन के बाद और कॉप-27 से पहले कोई विशेष प्रगति नहीं दिखाई दी। विकसित देशों ने यह वचन जरूर दिया था कि वे मौसम परिवर्तन से निपटने के लिए 100 अरब डालर की सहायता हर वर्ष प्रदान करेंगे। हालांकि 100 अरब डालर की मदद, समस्या की गंभीरता के मद्देनजर कहीं अपर्याप्त थी, उतनी भी राशि विकसित देशों द्वारा इस संबंध में प्रदान नहीं की गई। इससे स्पष्ट है कि दुनिया के विकसित देश जो वर्तमान पर्यावरण संकट के लिए दोषी हैं, अभी तक इस बाबत गंभीर नहीं हुए थे। कॉप28 में भी, विकसित दुनिया द्वारा जीवाश्म ईंधन से संक्रमण की लागत वहन करने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया था। हालांकि कॉप28 में इस बात पर सहमति बनी है कि जीवाश्म ईंधनों के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाएगा, लेकिन इसके लिए अत्यंत गंभीरता से विचार करना होगा कि यह कैसे किया जाएगा। कॉप28 में अनेक प्रकार की शपथें ली गई, जिसमें अक्षय ऊर्जा में 3 गुणा वृद्धि, शीतलन से संबंधित ऊर्जा उपभोग में दुगुनी कार्यकुशलता आदि शामिल हैं।

पिछले कॉप सम्मेलनों में इस बात पर बहस चलती रही कि जीवाश्म ईंधनों में से कोयले या पेट्रोलियम, किसके उपयोग को कम करना चाहिए। विकसित देशों का यह कहना था कि वे पेट्रोलियम के उपयोग को कम नहीं करेंगे, लेकिन वे साथ ही यह दबाव बना रहे थे कि भारत सरीखे देश कोयले के उपयोग को अवश्य बंद करें। इस बार फिर विकसित देश अंतिम दस्तावेज़ में शामिल होने में सफल रहे हैं, जब नवीकरणीय ऊर्जा को तीन गुना करने को 'बेरोकटोक कोयला बिजली को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने' से जोड़ा गया। इस बहस में भारत का यह कहना था कि यदि जीवाश्म ईंधन के उपयोग को क्रमशः कम करना है तो इसमें कोयले और पेट्रोलियम पदार्थों में भेद नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि भारत के पास कोयले के बड़े भंडार हैं, इसलिए भारत के लिए जरूरी है कि फिलहाल वह कोयले का उपयोग कुछ समय तक करे और बाद में उसे क्रमशः घटाया जाए। कॉप-28 के इस फैसले से कि कोयले और पेट्रोलियम में भेद किए बिना सभी प्रकार के जीवाश्म ईंधन के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से कम किया जाना चाहिए, यह सुनिश्चित हो गया है कि इस संबंध में विकसित देशों की बहानेबाजी को कॉप28 में कम मान्यता मिली। वैश्विक तापमान को औद्योगिकीकरण से पूर्व की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा नहीं बढ़ने के लक्ष्य की समय सीमा 2050 रखी गई है, लेकिन कॉप-26 में भारत ने अपने वचन में यह कहा था कि हम 2070 तक निवल शून्य (नेट जीरो) के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। इसलिए भारत के पास वैश्विक लक्ष्य की सीमा से दो दशक आगे का समय रहेगा। इस लक्ष्य को न्यायोचित्त, व्यवस्थित और न्यायसंगत तरीके से प्राप्त किया जाएगा।

झरोखे से

डॉ. चंद्र त्रिखा



## दिल्ली की रहस्यमयी शख्सियत जुलियाना

देश की राजधानी दिल्ली में लगभग हर मोड़ पर रहस्यमयी गाथाएं कुनमुना रही हैं। दिल्ली ने इन सब गाथाओं व उनमें वर्णित पात्रों को अलग-अलग समय पर भोगा है, जिया है, देखा है। इन रहस्यमयी गाथाओं में एक तथ्यात्मक किस्सा एक पुर्तगीज़ महिला जूलियाना का भी है। जूलियाना का दबदबा वर्तमान ओखला क्षेत्र, न्यू डिफेंस कॉलोनी के कुछ क्षेत्र और कश्मीरी गेट के समीप स्थित दारा-शिकोह की हवेली तक फैला हुआ था। उसके नाम पर सराय भी है और अनेक ऐसी सम्पत्तियां हैं, जिनकी विरासत का दावा करने वाले अभी भी इधर-उधर से दस्तावेज एकत्र करने में लगे हैं। किंवदंती है कि उसकी रूह अब भी इस क्षेत्र में भटकती है।

दिल्ली की मुगलिया सल्तनत में जूलियाना के परिवार का प्रवेश औरंगजेब के काल में ही हो गया था मगर उसका प्रभामण्डल औरंगजेब के पौत्र बहादुर शाह प्रथम के शासनकाल में फैला। दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली में सुखदेव विहार मेट्रो स्टेशन के पास एक ऐसा इलाका है जहां आज दिल्ली विकास प्राधिकरण के फ्लैट हैं। कई लोगों के लिए सराय जुलेना गांव अन्य बस्तियों की तरह की एक और बस्ती है लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह एक ऐसी पुर्तगाली महिला की याद दिलाती है, एक ज़माने में, मुग़ल दरबार में जिसका रुतबा, किसी महारानी से कम नहीं था। इस महिला का नाम था डोना जुलियाना डायस डि कोस्टा। यदि ऐतिहासिक दस्तावेंज़ों पर भरोसा किया जाए, तो वह मुग़ल दरबार में बहुत ताक़तवर और असरदार महिला थी और हां, कहा जाता है कि उनके पास दैवीय शक्ति भी थी! जुलियाना शाही दरबार में कैसे पहुंच गईं, यह इतिहासकारों के बीच बहस का विषय बना हुआ है। उनके जन्म का वर्ष और उम्र भी रहस्यों से घिरा हुआ है! मुग़ल दरबार में यूरोपीय देशों के लोगों का आना-जाना लगा रहता था लेकिन इनके बीच एक पुर्तगाली महिला ने कैसे अपनी जगह बना ली। प्राप्त विवरण के अनुसार, उसने मुगल शहजादे मुअज्ज़म को ईसाइयत की ओर भी झुका लिया था। मुग़ल बादशाह शाहजहां के आदेश पर पुर्तगाली बंदरगाह शहर हुगली (बंगाल) पर हमला किया गया था। पुर्तगाली, मुग़लों के जहाज़ों पर लगातार हमले करते रहते थे और उसी के बदले में ये कार्रवाई की गई थी। हमले के बाद कई पुर्तगालियों को बंधक बना लिया गया था जिनमें जुलियाना के पिता ऑगस्टिन्हो डायस डिकोस्टा भी थे। उन्हें और उनकी पत्नी को बाद में मुग़ल दरबार में काम मिल गया। बाद में डिकोस्टा की पत्नी, शाहजहां की एक बेगम की दासी बन गई। इसी दौरान जुलियाना का जन्म हुआ था। जब जूलियाना 17 साल की हुई, तब उसके जीवन में एक नया दौर शुरु हुआ। तब तक औरंगज़ेब बादशाह बन चुका था और उसने अपने 18 साल के बेटे मुअज़्ज़म की पढ़ाई की ज़िम्मेदारी जूलियाना को सौंप दी। जैसे-जैसे दोनों बड़े होते गए, दोनों में नज़दीकियां भी बढ़ती गईं। मुअज़्ज़म जब भी अपने पिता के आदेश पर युद्ध करने जाता था, उसकी हिफाज़त के लिए जुलियाना भी, उसके साथ, उसके हाथी पर सवार होती। जूलियाना के हाथ में लाल झंडे होते थे, जिन पर सफेद रंग का ईसाई क्रॉस बना होता था! जैसे-जैसे वह बड़ी होती गई, उसे मुग़ल दरबार में शाही हरम और डॉक्टर की प्रभारी जैसे कई ज़िम्मेदारियां मिलने लगीं! लेकिन यह सिलसिला ज्यादा लम्बा नहीं चल पाया। औरंगज़ेब ने मुअज़्ज़म को 1680 के दशक के अंत में बग़ावत के आरोप में सज़ा दी और उससे उसके खिदमतगार और हरम छीन लिए गए। उन दिनों जुलियाना किसी तरह क़ैदख़ाने में पहुंचने में कामयाब हो गई और वहां वह मुअज़्ज़म की तीमारदारी करने लगी। इस दौरान दोनों के बीच रिश्ते और मज़बूत होते गए और जुलियाना ने मुअज़्ज़म को सलाह दी कि अगर वह सेंट जॉन से दुआ मांगेगा तो वह एक दिन बादशाह बन जाएगा। मुअज़्ज़म दुआ के लिए राज़ी हो गया और उसने वादा किया कि अगर वह बादशाह बन जाता है



## गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित

दर्शन

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

## मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित

प्रेरणा

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टीयां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहाँ मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपये देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहाः साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा हैः मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### अयोध्या की बजाय घर पर ही खुशियां मनाएं

भगवान श्री राम का नाम लेते ही मानसिक शांति मिलती है। वह सनातन धर्म या भारत के लिए ही आदर्श नहीं हैं, बल्कि सारी दुनिया के लिए हैं। उनकी जन्मभूमि अयोध्या में लगभग 500 वर्ष बाद उनका जो भव्य मंदिर बन रहा है और वहां 22 जनवरी को राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, उसकी खुशी जाहिर करने के लिए जो तैयारियां चल रही हैं उन्हें देखकर लग रहा है कि दीपावली का त्योहार आने वाला है। हमारे देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों में रह रहे राम भक्त भी खुशी जाहिर कर रहे हैं। 22 जनवरी को जब अयोध्या में राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होना है, तब हमें अयोध्या जाने की बजाय अपने-अपने घर पर ही इसकी खुशी मनानी चाहिए। *-विकास शर्मा, धमतरी*

## ट्रेंड

### उद्धव ठाकरे विकास विरोधी



वह (उद्धव ठाकरे) ढाई साल तक घर पर बैठे रहे और केवल दिखावा किया। उन्होंने (ठाकरे) मुंबई में आरे भूमि पर मेट्रो, मेट्रो लाइनों के निर्माण का विरोध किया और समृद्धि राजमार्ग के निर्माण को धीमा किया। वह (ठाकरे) विकास विरोधी हैं।

-एकनाथ शिंदे, सीएम, महाराष्ट्र

### प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि



स्टैटिस्टिकल हैंडबुक के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 3,89,529 रुपये से बढ़कर 4,44,768 रुपये हो गई है, जो राष्ट्रीय औसत से 158% अधिक है। यह किसी भी राज्य में एक वर्ष में प्रति व्यक्ति आय में भारी वृद्धि है। -अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



भारत ने पिछले कुछ वर्षों में विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वर्तमान समय में हमारी टीम विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक है। हमने इस बीच कई बेहतरीन नतीजे दिए हैं।

-रविचंद्रन अश्विन, क्रिकेटर

### फिल्म कामयाब रही



फिल्म 'एनिमल' से कुछ लोगों को दिक्कत हो सकती है, लेकिन मेरा मानना है कि जिस तरह का प्यार, सफलता और कमाई इसने हासिल की है, वे यह साबित करती है फिल्म के प्रति प्रेम से बढ़कर कुछ भी नहीं है। लोगों ने फिल्म को पसंद किया है।

-रणबीर कपूर, अभिनेता

## करंट अफेयर

### इजराइल का उत्तरी गाजा में लड़ाई समापन का संकेत


हमास के खिलाफ युद्ध के चौथे महीने में प्रवेश करने के साथ इजराइली सेना ने संकेत दिया कि उसने उत्तरी गाजा में बड़ी लड़ाई समाप्त कर ली है और वहां हमास के सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट करने का काम पूरा कर लिया है। इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने शनिवार देर रात कहा कि सेना वहां आगे भी फतह करती रहेगी, इजराइल-गाजा सीमा बाड़ पर सुरक्षा को मजबूत करेगी तथा क्षेत्र के मध्य और दक्षिणी हिस्सों पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की इजराइल यात्रा से पहले हुई।



## ऑफ बीट

### तनाव, व्यग्रता से निपटने के तरीके तलाश रहे लोग

तनाव, व्यग्रता और पर्यावरणीय एवं मानवीय आपदाओं से भरी दुनिया में, लोग इससे निपटने के तरीके तलाश रहे हैं। कई लोगों ने मार्गदर्शन के लिए प्राचीन प्रथाओं की ओर रुख किया है। इनमें से एक है सचेतन, जो ध्यान से जुड़ी प्रक्रिया है। वास्तव में सचेतन का क्या अर्थ है? सचेतन किसी चीज के प्रति सचेत रहना या जागरूक होने की स्थिति है। मैं जिस शब्द का उपयोग करना पसंद करता हूं वह है 'जागरूकता'। अपने दिन की शुरुआत साक्ष्य-आधारित समाचारों से करें। सचेतन कवायद आपको वर्तमान में वापस लाने का एक तरीका होगा। आप योग की तरह अपनी इंद्रियों, अपनी सांस या अपने शरीर का इस्तेमाल करेंगे।



## संक्षेप

### अक्षत पूजत कार्यक्रम में कस्बा बांसी में संपर्क

अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर। अक्षत पूजत कार्यक्रम में ललितपुर के कस्बा बांसी में लोगों ने घर-घर अक्षत आमंत्रण देकर आने वाली 22जनवरी को होने वाली भगवान राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा एवम भगवान अपने भवन में विराजमान होने की खुशी में अयोध्या जाने का निमंत्रण पत्र देकर जन संपर्क किया सम्पर्क किया भक्तों की टोली द्वारा लगाए गए जय श्री राम के उद घोसों से कस्बा गूंज गया किए गए प्रफुल्ल शर्मा, धुर्व पांडे ,राघवेंद्र राजा, देवेंद्र राजा ,कृष्णा शर्मा ,आर्यन पार्थ , हेमंत यादव ,अनुज कनकने आदि प्रमुख रुप से रहे

### सुलतानपुर में सड़क हादसे में युवक की मौत

घर से बाजार जा रहा था, तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को रौंद दिया

सुलतानपुर, सुलतानपुर-जौनपुर हाईवे पर घुरहुपुर गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आसपास के लोगों ने सीएचसी पीपी कमैचा पहुंचाया।जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना चांदा कोतवाली क्षेत्र की है। चांदा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय कल्याण दारापुर निवासी विजय कुमार रविवार को किसी काम से घर से निकला था। चांदा कोतवाली क्षेत्र के पुराने हाईवे के रास्ते घुरहुपुर गांव के पास पहुंचा था कि तेज रफ्तार पिकअप ने चपेट में ले लिया। उसे गंभीर हालत में आसपास के लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस का कहना है कि दुर्घटना कारित वाहन पिकअप को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना में मृत मजदूर विजय कुमार ट्रकों से बालू गिट्टी उतारने का कार्य करता था।जिससे उसके परिवार का भरण पोषण चलता था। परिवार में उसके पत्नी सहित तीन छोटे बच्चे है। वह परिवार का इकलौता कमासुत था, उससे ही परिवार चलता था

### सुल्तानपुर में बकरी को बचाने में महिला की गई जान

सुलतानपुर, वाराणसी-लखनऊ रेल मार्ग पर ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया है।जानकारी के मुताबिक चांदा कोतवाली के शेरपुर परशुरामपुर गांव निवासी सबीना बानो उम्र लगभग (42 साल) शाम में घर से बकरी को चराने लेकर गई हुई थी।वो बकरी को चराते हुए वाराणसी-लखनऊ रेल मार्ग के पास घास काटने लगी।

# अन्ना पशुओं से निजात दिलाने के लिए किसान यूनियन ने भरी हुंकार

**अमौली ब्लाक मुख्यालय में नारेबाजी करते हुए अन्ना जानवर तथा बिजली विभाग की लापरवाही पर किसान यूनियन के सदस्यों ने जताया आक्रोश**

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद में अन्ना जानवरों से फसलों के अस्त-व्यस्त होती दशा देख किसान यूनियन के सदस्यों ने जगह-जगह समस्या से निजात दिलाने हेतु मांग उठाई जनपद के अमौली विकासखंड मुख्यालय में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक दल के तहसील अध्यक्ष सुधीर प्रताप सिंह उर्फ बबलू सिंह के नेतृत्व में दर्जनों ग्राम पंचायतों के किसान किसान यूनियन के सदस्यों के साथ मिलकर समस्या से निजात पाने की गुहार लगाई खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर सरहन खुर्द भगलापुर सैठी दपसौरा मरवाही डेरा समेत दर्जनों गांव के किसान अन्ना पशुओं से नष्ट होने वाली सैकड़ो बीघा फसल के बारे में बताते हुए न्याय की गुहार लगाई वही सिकंदरपुर गांव निवासी किसान हरिओम ने लिखित रूप से प्रार्थना पत्र देते हुए विद्युत विभाग के ऊपर आरोप लगाया किसान ने बताया कि वह विद्युत उपभोक्ता है जिसने विद्युत कर्मी तथा फिटर को 15000 रुपए रुपए भी दिए वही पैसे देने के बाद भी विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता कर्मचारियों के साथ आकर नलकूप का ट्रांसफार्मर ले गए विद्युत विभाग के भ्रष्टाचार को देखते हुए किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष बबलू सिंह ब्लॉक अध्यक्ष संजय शुक्ला प्रचार मंत्री सुखीराम समेत सभी पपदाधिकारियों ने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की वही खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह चौहान से न्याय की गुहार लगाई विकासखंड अधिकारी ने किसानों की समस्या को संज्ञान में लेते हुए निस्तारण का पूर्ण आश्वासन दिया इस मौके पर किसान बैजनाथ राजू सिंह चुन्नीलाल रामखेलावन चंद्रपाल राकेश यादव राजबहादुर जगमोहन पाल सेवालाल एवं सिकंदरपुर निवासी समाजसेवी किसान अजय राज सिंह समेत सैकड़ो क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे

# रियल टाईम खतौनी कार्य में शिथिलता पर डीएम के तेवर हुए तल्ख

**डीएम ने तहसीलदार पयागपुर एवं मिहींपुरवा का माह जनवरी का वेतन रोका**

अमन लेखनी समाचार


बहराइच। तहसील पयागपुर में लेखपालवार/ग्रामवार मास्टर रजिस्टर तैयार न होने तथा विगत 06 जनवरी को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में चकमार्ग की पैमाइश, मेढ़बन्दी व अन्य भूमि सम्बन्धी प्राप्त होने वाले अधिकांश प्रार्थना-पत्रों के बारे में शिकायतकताओं द्वारा यह भी बताये जाने पर कि उनके द्वारा पूर्व में भी इस आशय के प्रार्थना-पत्र दिये गये हैं। जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा पूछने पर तहसीलदार द्वारा अनभिज्ञता दशार्यी गई।उल्लेखनीय है कि डीएम द्वारा सभी तहसीलों को आदेशित किया गया था कि बार-बार प्रस्तुत होने वाले प्रार्थना-पत्रों का पूर्ण विवरण के साथ निस्तारण का विवरण मास्टर पंजिका में दर्ज किया जाय जिससे ऐसे प्रकरणों को चिन्हित कर उसका गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से त्वरित निस्तारण कराया जा सके इसी प्रकार राजस्व परिषद के सर्वोच्च प्राथमिकता के कार्यक्रमों में सम्मिलित रियल टाइम खतौनी कार्य के सम्बन्ध में डीएम व सीआरओ के मौखिक निर्देश के बावजूद तहसीलदार मिहींपुरवा (मोतीपुर) व पयागपुर द्वारा रूचि न लेने तथा विगत 01 माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी खतौनी जांच हेतु प्रेषित न करने का डीएम ने कड़ा संज्ञान लेते हुए इस स्थिति को उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना का प्रतीक मानते हुए तहसीलदार पयागपुर एवं मिहींपुरवा (मोतीपुर) का माह जनवरी, 2024 का वेतन अग्रेतर आदेशों तक बाधित करते हुये सम्बन्धित को अपना लिखित स्पष्टीकरण 07 दिवस में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।डीएम ने सचेत किया कि स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाये जाने की दशा में सम्बन्धित अधिकारियों को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि से दण्डित किया जायेगा।

# कृषक अनुदान हेतु ई-लाटरी के माध्यम से चयनित होंगे किसान

**विकास भवन सभागार में 12 जनवरी को होगी ई-लाटरी**

बहराइच।उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही ने बताया कि रू. दस हजार से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों/कृषि रक्षा उपकरणों यथा-रोटावेटर, लेजर लैण्ड लेवलर, पैडी मल्टी क्राप थ्रेसर, कल्टीवेटर, हैरो, पावर टिलर, ट्रैक्टर माउण्टेन स्प्रेयर, कस्टम हायरिंग सेन्टर, आलू बोने की मशीन, कम्बाइन हार्वेस्टर विद सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम, चेपकटर मानव रहित, मिनी राइस मिल, स्ट्रारीपर, थ्रेसिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम इत्यादि के लाभार्थियों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से किया जायेगा।उप कृषि निदेशक ने बताया कि 12 जनवरी 2024 को अपरान्ह 11:30 बजे से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक में ई-लाटरी के माध्यम से कृषकों का चयन किया जायेगा।श्री शाही ने बताया कि 30 नवम्बर से 14 दिसम्बर 2023 तक पारदर्शी किसान सेवा पोर्टल के माध्यम से कृषि यन्त्रों की बुकिंग करने वाले कृषक ई-लाटरी प्रक्रिया के समय विकास भवन सभागार में उपस्थित हो।

# पुलिस व एसएसबी की सयुक्त टीम ने 34 ग्राम स्मैक संग अभियुक्त को किया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच।रूपईडीहा एस एस बी व पुलिस की सैयुक्त टीम ने रूपईडीहा निवासी एक युवक को 18 लाख की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। रूपईडीहा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि व0उ0नि0 रूदल बहादुर सिंह मय पुलिस बल व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्त जुबेर पुत्र गुज्जन निवासी घसियारन मोहल्ला कस्बा रुपईडीहा थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच उम्र 25 वर्ष को 34 ग्राम स्मैक के साथ सीमान्त डिग्री कालेज के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके सम्बन्ध मे थाना रूपईडीहा पर एन डी पी एस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त जुबेर उपरोक्त को न्यायालय सदर रवाना किया गया।

# 22 जनवरी को हर घर दीप जलाकर मनाएं रामोत्सव की खुशियां: संदीप सिंह

**राजापुर कला भज्जापुरवा सहित कई गावों में यात्रा का हुआ भव्य स्वागत**

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। 22 जनवरी को श्री राम मंदिर उद्घाटन समारोह से पहले विश्व हिंदू परिषद प्रत्येक गांव के घर-घर तक पहुंच कर लोगों को उत्सव मनाने के लिए जागरुक करते हुए अक्षत व श्री राम मंदिर का चित्र भेंट कर रहा है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड बलहा द्वारा आयोजित श्री राम मंदिर अयोध्या धाम पूजित अक्षत वितरण एवं भव्य शोभा कलश यात्रा का आयोजन खंड बगहा के राजापुर कला में विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह एवं प्रखंड अध्यक्ष बलहा मदन सोनी के नेतृत्व में निकाली गई। शोभायात्रा के संयोजन खंड अध्यक्ष रामस्वरूप वर्मा रहे। शोभायात्रा यात्रा राजापुर कला, भज्जापुरवा, राजापुर खुर्द, रतहिया सहित कई अन्य गावों में पहुंची जहाँ पर यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। विश्व हिंदू परिषद के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि हम और आप सभी सौभाग्यशाली हैं जो भव्य श्री राम मंदिर के उद्घाटन को देख रहे हैं 22 जनवरी के दिन सभी राम भक्त अपने-अपने घरों में दीप प्रज्वलित कर अयोध्या धाम बनाएं और राम उत्सव मनाये।यात्रा के दौरान जय श्री राम के नारनारो से क्षेत्र गूंजाय मान हो उठा।

शोभायात्रा कार्यक्रम में प्रखंड के धर्म प्रसार प्रमुख अम्बर लाल जायसवाल ,खंड अध्यक्ष रामस्वरूप वर्मा, कार्य अध्यक्ष इंदल यादव, संयोजक रामगोपाल गुप्ता, प्रेमलाल यादव,मुंगरू गुप्ता, हिमांशु सोनी, पवन निगम, सतपाल सिंह,मनोज प्रधान, प्रमोद मिश्रा,बुद्धि लाल वर्मा, रंजन मिश्रा व सैकड़ों की संख्या में राम भक्त जय श्री राम के नारे के साथ शामिल रहे।वही सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी मोतीपुर दद्दन सिंह के निर्देशन में सिपाही संदीप यादव, धर्मवीर गुप्ता ,महेंद्र कुमार तैनात रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया नेपाल बॉर्डर का दौरा




**ग्राम मनवरिया में चौपाल लगाकर जरुरतमंदो को बाँटे कम्बल**

अमन लेखनी समाचार/मो. कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमा पर बीते बुधवार को नवागत पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला द्वारा ग्राम मनवरिया में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक की गई तथा पात्रों को कंबल वितरित किया गया।कार्यक्रम में सशस्त्र सीमा बल के डिप्टी कमांडेंट दिलीप कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकार नानपारा राहुल पांडेय, प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह, नायब तहसीलदार नानपारा शैलेश अवस्थी, ग्राम प्रधान मेराज अहमद सहित कई लोग शामिल रहे।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन एवम आगामी दिनों में लोकसभा के चुनाव भी होने हैं जिसे लेकर बॉर्डर पर सशस्त्र सीमा बल व पुलिस बल तथा स्थानीय नागरिकों के साथ सामंजस्य बनाकर सीमा की सुरक्षा करने की मौलिक जिम्मेदारी बढ़ जाती है जिसे लेकर बैठक की गई है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया विकासखंड का औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार /शोभित शुक्ला



फतेहपुर। जनपद के मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने जनपद के एरायां विकासखंड का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण पर पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी ने विकासखंड मुख्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया जहां निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी विकास अधिकारी समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित मिले वहीं मनरेगा समेत अनेक पत्रावलियों का अवलोकन मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया पत्रावलियों के रखरखाव का ढंग सही न होने के कारण खंड विकास अधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की गई वहीं कागजात के रखरखाव के विषय में मुख्य विकास अधिकारी ने दिशा निर्देश दिया विकासखंड परिसर की साफ सफाई का भी निरीक्षण किया गया जो संतोषजनक मिली इस मौके पर परियोजना निदेशक अपर जिला पंचायत राज अधिकारी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण अधिकारी आदि मौजूद रहे

# नवजात बालिकाओं को प्रदान की गयी बेबी किट

**बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ योजना को बढ़ावा दे रहे जिला प्रोबेशन अधिकारी**

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर।जनपद में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान को बढ़ावा देने में जनपद के अधिकारी कर्मनिष्ठ दिखाई दिए जनपद के जिला प्रोबेशन अधिकारी ऋपान्त कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर नई तहसील के समीप संवेदना अस्पताल अंतर्गत नवजात बालिकाओं को बेबी किट का वितरण किया गया वितरण कार्यक्रम में मौजूद अस्पताल की डॉक्टर सुष्मिता श्रीवास्तव डॉक्टर अंशिका गुप्ता स्टाफ नर्स आसमा समेत सभी अधिकारियों ने एक दर्जन से अधिक नवजात बालिकाओं को बेबी किट प्रदान किया मिली जानकारी के अनुसार बेबी किट में नौनिहाल बच्चों के खिलौने बैग कंबल मॉस्किटो बेड तथा वस्त्र समेत जननी मां के लिए साड़ी इत्यादि प्रदान किए गए संचालित कार्यक्रम के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग ने सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के विषय में बिस्तृत जानकारियां दी इस मौके पर जिला प्रोबेशन कार्यालय से महिला कल्याण अधिकारी पूनम तिवारी जिला समन्वक सरिता भारती समेत अस्पताल परिसर के डॉक्टर कर्मचारी गण तथा भारी संख्या में क्षेत्रवासी महिला पुरुष मौजूद रहे

# विशेषज्ञ डा राधा विनोद पाल की मनाई गई पुण्यतिथि



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के मद्देनजर अखिल भारतीय प्रजापति महासभा की सुमेरपुर इकाई द्वारा अन्तर्गत ख्याति प्राप्त विधि विशेषज्ञ डा राधा विनोद पाल की पुण्यतिथि 10 जनवरी पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा भवानीदीन ने कहा कि डा पाल केवल का योगदान केवल कानूनी क्षेत्र मे ही महारत हासिल नहीं थी अपितु ये स्वतंत्रता संघर्ष के नामचीन गाधी, नेहरु ,सुभाष चन्द्र बोस, चन्द्र शेखर आजाद और लोहिया के निकट सहयोगी भी थे, ये न्याय और संघर्ष के प्रतीक थे, संयोजक गयादीन प्रजापति ने डा पाल के बारे मे बताया कि अपनी कानूनी प्रतिभा के बल पर अन्तर्राष्ट्रीय मुकदमे मे जापान के प्रधानमंत्री सहित पूरे जापान को दोषमुक्त कराया, .ये कलकत्ता विश्वविद्यालय के उपकुलपति रहे, नेशनल प्रोफेसर रहे, मुख्य वक्ता रामकृष्ण प्रजापति, अवधेश प्रजापति व बरदानी लाल,अध्यक्षता कर रहे डा मूलचन्द प्रजापति ने अपने प्रभावी विचार रखे,कार्यक्रम मे मोतीलाल, रामदेव, शान्ती,अनीता, वन्दना, दीनदयाल, रामलखन, प्रेमनारायण, रामसेवक आदि शामिल रहे, संचालन रामबाबू प्रजापति ने किया।

# अम्बेडकरनगर में किसानों ने की बैठक

- **कहा- मांगे नहीं पूरी हुई तो जमीन नहीं देंगे, किसानों ने कहा- पांच लाख प्रति विस्वा मिले मुआवजा**

अमन लेखनी समाचार




अम्बेडकरनगर, अंबेडकरनगर में अकबरपुर तहसील इलाके में यूपीडा द्वारा इंडट्रीयल कॉरिडोर परियोजना के लिए क्रय की जा रही भूमि सर्किल रेट बढ़ाये जाने को मांग को लेकर किसानों ने धरना दिया।आज मुवावजे व अन्य मुद्दों को लेकर खानजंहापुर मंदिर पर किसानों की बैठक हुई। बैठक में किसानों ने दोबारा से अपनी मांग को दोहराया और मांगे पूरी न होने तक जमीनें न देने का निर्णय लिया। जिला पंचायत सदस्य सूरज आह्लादे ने बताया कि अकबरपुर कि ग्राम अहलादे, खानजहांपुर, बेवाना, मुस्लिम जगदीशपुर गांव के किसानों की भूमि इंडट्रीयल कॉरिडोर परियोजना हेतु क्रय किया जाना प्रस्तावित है।पिछले दिनों सपा का प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से वार्ता के दौरान कहा कि ग्राम खानजहांपुर के सर्किल रेट तथा बगल के गांव के पूरब सस्पना, उत्तर सिसवा,पश्चिम सिवरा होरिलपुर,दक्षिण जगदीशपुर मुस्लिम, बेवाना में काफी अंतर है।सर्किल रेट में काफी विसंगति है ग्राम अहलादे, खानजहांपुर, बेवाना, मुस्लिम जगदीशपुर के किसान गरीब किसान हैं।खेती ही मुख्य जीविका का साधन है, यहां के किसान पूर्णतया खेती पर निर्भर हैं।जमीन चले जाने से इन गांवों के सैकड़ो किसान भूमि हीन हो जाएंगे। इनकी रोजी-रोटी एवं सामाजिक जीवन पर असर पड़ेगा।इसलिए इन विसंगतियों को दूर करते हुए किसानों को 5 लाख रुपए प्रति विस्वा के हिसाब से मुआवजा दिलाया जाए एवं प्रति किसान परिवार को एक सरकारी नौकरी दी जाए

# अम्बेडकरनगर में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**तेज रफ्तार पिकप ने बाइक सवार को मारी टक्कर, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा**

अमन लेखनी समाचार



अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर के मालीपुर थाना इलाके के धवरुआ बाजार के निकट अनियंत्रित पिकप की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगो की मौत हो गयी।सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सूचना के अनुसार मालीपुर थाना इलाके के धमरूवा बाजार के निकट मालीपुर की तरफ से धवरुआ बाजार की तरफ जा रही तेज रफ्तार पिकप विपरीत दिशा से आ रही बाइक को टक्कर मार दिया, जिससे बाइक पर सवार 60 वर्षीय महेंद्र नाथ तिवारी निवासी प्राणनाथपुर जिला सुल्तानपुर और उनके साथ बाइक पर बैठे उनके एक अन्य रिश्तेदार की मौत हो गयी।टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक में आग लग गयी और जलने लगी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग इक्कठा हो गए और बाइक में लगी आग को बुझा कर सूचना पुलिस को दिया।सूचना पर पंहुची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थानाध्यक्ष मालीपुर प्रियंका पांडेय ने बताया कि घटना में दो लोगो की मौत हुई है।

# मिल्कीपुर में अक्षत कलश यात्रा में उमड़ी भीड़

- **अक्षत के साथ लोगों को राम मंदिर मॉडल व पत्रक का किया जा रहा वितरण**

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, मिल्कीपुर में रविवार को अक्षत पूजन कलश यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुषों की भीड़ उमड़ पड़ी। जय श्री राम के जयकारों और भगवान राम के गीतों के साथ यह यात्रा निकाली गई।इस दौरान तीन बच्चों द्वारा राम- लक्ष्मण और हनुमान का किरदार निभाया गया। जगह-जगह महिलाएं और पुरुष उनके स्वागत के लिए खड़े थे।लोगों द्वारा जय श्री राम के नारे लगाए जा रहे थे। दरअसल, श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के तहत हर घर महा संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।इस अक्षत पूजन कलश यात्रा अभियान में कुमारगंज बाजार मालिक विजय कुमार उपाध्याय, भानु गोस्वामी, शीतल बाजपेई कुंवर बहादुर मिश्रा, साहब प्रसाद कौशल, चंद्रभान सिंह, मनीष तिवारी, प्रदीप सिंह, राम अचल शुक्ला, गया प्रसाद अग्रहरि सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल रहे।अक्षत पूजन कलश यात्रा को लेकर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष चंद्रबली सिंह ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर का भव्य उद्घाटन होना है।विश्व हिंदू परिषद संगठन के द्वारा अयोध्या धाम से राम मंदिर का मॉडल एवं पत्रक तथा अक्षत भेजा गया था।जो क्षेत्र के लोगों को वितरित किया जा रहा है।

## संक्षेप

### जालौन में ठंड को देखते हुए स्कूलों में अवकाश

**13 जनवरी तक बंद रहेंगे नर्सरी से कक्षा 8 तक के स्कूल, डीएम ने दिया आदेश**

जालौन, जालौन में नर्सरी से कक्षा 8 तक के स्कूलों का अवकाश 13 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। यह आदेश भीषण शीत लहर और गलन को देखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश ने दिया है। जालौन के बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के सभी सरकारी, अर्ध सरकारी और मान्यता प्राप्त विद्यालयों का अवकाश 6 जनवरी तक भीषण शीत लहर को देखते हुए किया गया था। मगर सर्दी में कोई राहत न मिलने के कारण जिलाधिकारी के आदेश पर 13 जनवरी तक इस अवकाश को बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि मौसम में व्याप्त ठंड, शीत लहर एवं गलन को ध्यान में रखते हुए समस्त बेसिक शिक्षा परिषदीय, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालय, राजकीय, शासकीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त विद्यालय, प्राइवेट स्कूल, जो सीबीएसई, आईसीएसई तथा अन्य समस्त बोर्ड से संबंधित नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यालयों मे 13 जनवरी तक अवकाश दिया गया है। यदि किसी भी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के स्कूली बच्चों को बुलाया गया या शिक्षण कार्य करते हुए पाया गया, तो उन विद्यालयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सपा के धमकीबाज पूर्व मंत्री की पुलिस से बहस

**भाजपा नेता को जिंदा जलाने के विवादित बयान पर हुई अरेस्टिंग, अब पुलिस को दिखाए तेवर**

मेरठ, मेरठ में समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री मुकेश सिद्धार्थ ने अब पुलिस के साथ बहसबाजी की है। पुलिस मुकेश सिद्धार्थ को भाजपा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर पर विवादित टिप्पणी करने के मामले में अरेस्ट करके ला रही थी। पुलिस ने सपा नेता से गाड़ी में बैठने को कहा तो सपा नेता पुलिस से बहस करने लगे। गाड़ी में पीछे बैठने को राजी नहीं हुए। पुलिसवालों ने किसी तरह प्लीज, प्लीज करके सपा नेता को गाड़ी में बैठाया। अभी दो दिन पहले शनिवार को कलेक्ट्रेट में विपक्ष का बड़ा प्रदर्शन था। प्रदर्शन 30 दिसंबर को मेरठ नगर निगम बोर्ड बैठक के दौरान पार्षदों के साथ हुई मारपीट को लेकर था। जिसमें विपक्ष के नेताओं ने दलित पार्षदों की पिटाई करने वाले भाजपा के मंत्री, एमएलसी की गिरफ्तारी की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान सपा नेता पूर्व मंत्री मुकेश सिद्धार्थ ने विवादित बयान दे डाला। कहा भाजपा के राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर की 10 जनवरी तक अरेस्टिंग नहीं हुई तो उसे जिंदा जला देंगे। बयान के बाद सपा नेता पर सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। रविवार देर रात पुलिस मुकेश सिद्धार्थ को दिल्ली से अरेस्ट कर लाई।

## नेकी की तरफ कदम बढ़ाने वाले युवा विकास समिति का हुआ भव्य वार्षिकोत्सव

**असहाय महिला पुरुष दिव्यांग वर्ग के नागरिकों को दे रही समिति निरंतर सेवाएं**

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला




फतेहपुर। जनपद में युवा विकास समिति संगठन सामाजिक दृष्टिकोण से जनपद के असहाय गरीब महिला पुरुष निर्धन दिव्यांग वर्ग के नागरिकों के लिए भागीरथ साबित हो रही है जनपद के युवा संगठन में निरंतर कार्य करते हुए चारों ओर समाज सेवा में कार्यरत दिखाई दिए संगठन का आठवां वार्षिकोत्सव कल तेलियानी ब्लाक परिसर में धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी संतोष तिवारी समेत दर्जनों विशिष्ट अतिथियों का युवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा जिला अध्यक्ष कंचन मिश्रा समेत सभी पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया कार्यक्रम के अंतर्गत भिठौरा ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी समेत दर्जनों विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत प्रदान की कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि संतोष तिवारी ने युवा विकास समिति संगठन की सराहना करते हुए अपने संबोधन में कहा कि वास्तव में समिति का जो एक कार्य होता है उसे कार्य को युवा विकास समिति तन्मयता से कर रही है गरीब निर्धन असहाय लोगों को जीवन जीने की राह दिखाना ही समिति का परम कर्तव्य है जो युवा विकास समिति कर्मठ सील होकर कर रही है आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुराग मिश्रा एवं कुशल संचालन युवा विकास समिति के जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ द्वारा किया गया कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित समाज सेवी पूनम श्रीवास्तव विनोद शुक्ला गुरमीत कौर शिवचंद्र शुक्ला अशोक तपस्वी सौम्या पटेल मोना ओमर लक्ष्मी चंद्र प्रवीण पांडे आदि का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया इस मौके पर हरिओम पांडे रामकिशोर शर्मा आफताब अहमद रमाकांत तिवारी शिव शंकर सिंह ललित सनी श्रीवास्तव अंकित अग्निहोत्री अमित गौर जनार्दन सिंह अमित अग्निहोत्री समेत भारी संख्या में जनपद के वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे

## पति के मौत के बाद ससुराल के लोगो ने मारपीट कर घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र स्थित के सेमरडाड़ी निवासी एक महिला की शादी पीपीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। पति के मौत के बाद ससुराल के लोगो ने विधवा को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने ससुराल के चार लोगो के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र सेमरडाड़ी निवासी वकील ने अपनी पुत्री आयशा की शादी 27 मई 2021 को पीपीगंज थाना क्षेत्र के बगहीबारी में किया था। 8 अगस्त 2023 को पति की मौत हो गई। इसके बाद विधवा संपत्ति में हिस्सा न ले सके। उसे प्रताड़ित करने लगे। और उसे मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराया लेकिन पुलिस ने कोई भी कारवाई नही किया। इसके बाद उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराया। आदेश पर पुलिस ने ससुराल के सालेहा, सुलेमान, इकबाल, ईबरान के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट का केस दर्ज कर लिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा बाजार निवासी युवक संतराम की सोमवार की रात रहस्यमय परिस्थिति में मौत हो गई। घघसरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय गोरखपुर भेज दिया है। मिली जानकारी अनुसार बीते सोमवार की देर-रात संतराम दोस्तों के साथ खाना खाकर घर लौटा और बिना घर के किसी सदस्य से बात किये चुपचाप अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब लोग जगाने लगे तो पता चला कि वह सदा के लिए सो गया है। उसकी मौत से घर में कोहराम मच गया। संतराम पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। पिछले वर्ष इसकी शादी नौतनवा में तारा देवी के साथ हुई थी। मछली बेच कर पूरे परिवार का जीविकोपार्जन चलता है।

## जिम्मेदारों के न पहुचने पर कट्या में चौथी बार कोटा चयन की प्रक्रिया रद्द

**जिलाधिकारी ने कहा कि कोटा चयन में रुचि नही लेने वाले जिम्मेदारों की होगी जांच**



अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत कट्या में रिक्त चल रहे कोटा चयन की प्रक्रिया तहसीलदार के नही आने पर बुधवार को चौथी बार रद्द कर दी गयी, इससे पहले तीन बार खुली बैठक में हँगामें के कारण चयन प्रक्रिया रद्द कर दी गयी थी। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारी जानबूझकर कोटे के चयन नही कर रहे है। बुधवार को गांव के लोगो को उम्मीद थी कि इस बार कोटा चयन हो जाएगा, जिससे भारी संख्या में ग्रामीण खुली बैठक में बाग में मौजूद रहे। लेकिन पुनः ग्रामीणों को निराशा हाथ लगी। तहसीलदार राकेश कन्नौजिया से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन कट कर दिया। इसके बाद जिलाधिकारी गोरखपुर से फोन पर कोटे के सम्बंध में वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि कोटा चयन प्रक्रिया में रुचि नहीं लेने वाले जिम्मेदारों की जांच की जाएगी इसके लिये एसडीयम को निर्देशित किया गया है।

## अयोध्या से आयी अक्षत को चेयरमैन ने कार्यकताओं के साथ किया वितरण

अमन लेखनी समाचार



सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा बाजार मे राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति के निर्देश पर अयोध्या से आए अक्षत और निमंत्रण पत्र को बुधवार को नगर पंचायत घघसरा मे घर घर जाकर चेयरमैन प्रभाकर दुबे ने वितरण किया। 22जनवरी को नगर पंचायत के सभी वार्डो मे स्थित मंदिरों पर होने वाले कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार किया गया।इस दौरान सभी को संकल्प दिलाया गया कि आगामी 22जनवरी को सभी लोग अपने अपने घरों में दिपोत्सव तथा धार्मिक अनुष्ठान कर उत्सव मनायेंगे। इस दौरान रमेश मद्धेयेशिया, जोखन सिह ,बबलू त्रिपाठी, प्रेम चौबे, अवधेश सहनी, नरसिह , श्रीप्रकाश ,काजू, विनोद, सुरेश कुमार, अवधेश कुमार, राजू, हरी राम, दिनेश मिश्र, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## किशोरी नकदी और गहने लेकर प्रेमी संग फरार

सहजनवा गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र स्थित के बनकटिया निवासी एक 17 वर्षीय किशोरी घर से नकदी और गहने लेकर प्रेमी संग फरार हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से बनकटिया निवासी एक 17 वर्षीय किशोरी 8 जनवरी को अपराह्न 2 बजे के करीब घर से निकली थी। लेकिन देर शाम तक घर वापस नही लौटी। परिजन ने खोजबीन किया लेकिन पता नही चला। वह घर से 2 हजार रुपया और गहने लेकर फरार हुई है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राम मगन सिंह रंजन के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया है।

## भाजपा सरकार में योजनाओं का बिछा जाल पात्र ले रहे लाभ, डॉ आरडी

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत बरसिहा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भाजपा सरकार में योजनाओं का जाल बिछा हुआ है। जिसका लाभ पात्र व्यक्ति मिल रहा है।केंद्र और प्रदेश की सरकार देश और प्रदेश में चौमुखी विकास रही है।योजनाओं में किसानो को सम्मान निधि, किसान बीमा, महिलाओ को निःशुल्क उज्वला गैस सिलेंडर, पीएम और सीएम आवास, स्वास्थ्य बीमा, आयुष्मान कार्ड, सहित अनेक योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिल रहा है। इसके अलावा वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन, और गांव को जोड़ने के लिए सड़कों का जाल बिछाया गया है। सरकार की कई ऐसी और योजनाएं संचालित हो रही है। जिसका लाभ समाज का हर वर्ग को मिल रहा है। उक्त बातें भाजपा जिला महामंत्री डा आरडी सिंह ने सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत बरसिंहा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रधान पति जयश्री ने किया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओ की गोद भराई भी किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री राम उजागिर शुक्ल प्रधान गंगा प्रसाद सहित अनेक लोग मौजूद थे।



## राजस्व विभाग से प्राप्त कम्बलों को संस्था प्रबंधक ने जरूरतमंदों मे किया वितरित

अमन लेखनी समाचार



शुकुल बाजार, अमेठी। अपनी निस्वार्थ भावना एवं कुशल कार्यशैली से समाज में अपनी एक अलग पहिंचान बनाने वाले एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे ग्राम पंचायत भटमऊ बाजार शुक्ल अमेठी निवासी समाजसेवी एवं कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजिस्टर्ड के प्रबंधक पी के तिवारी जो कि यथासंभव सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल, शिक्षा, कृषि एवं चिकित्सा संबंधी सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देते रहते हैं और प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करते रहते हैं जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग उन्हे सम्मानित दृष्टि से देखता है बताते चलें कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्दी के मौसम में यथासंभव जरुरतमंदों मे गर्म शाल वितरित किए एवं अलाव जलवाये वहीं तहसील प्रशासन मुसाफिरखाना से अनुरोध कर प्राप्त कम्बल ग्राम पंचायत नांदी मे पहुंचकर विमला, चन्द्र कला, प्रेमा, सुनीता एवं जयकला को वितरित किया।पी के तिवारी ने कहा वह स्वयं सर्वे कर जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर उनकी लिस्ट बनाते हैं और यथासंभव एक छोटा सा प्रयास करते रहते हैं कि जरूरतमंदों की सेवा की जा सके ऐसा करने से उन्हे आत्मसंतुष्टि मिलती है और अपना परम कर्तव्य समझते हैं समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि वह प्रबुद्धजनों के सहयोग एवं मार्गदर्शन से भविष्य मे और भी बेहतर से बेहतरीन करने की कोशिश करेंगे और समाज के प्रति समर्पित रहेंगे।

## अवैध एवं कच्ची शराब विक्रेताओं से मासिक वसूली

**सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार कारोबारी कहना पहले तीन हजार मासिक और अब बीस हजार की मांग**

**पुलिस और सेल्स मैन ही ले हैं महीने भर की सारी विक्री**

अमन लेखनी सामाचार



ललितपुर/कच्ची शराब कारोबारी एवम अवैध शराब कारोबारियों पर पुलिस अधीक्षक ने छापामार गैंगस्टर की कार्यवाही करने हेतु निर्देश जारी कर दिए हो वहीं पर ग्रामीण क्षेत्रों में खुली देशी शराब की अवैध विक्री दुकानों के काउंटर पुलिस और आवकारी विभाग की मिली भगत यह नशीला कारोबार फल फूल रहा है पर साहब की कार्यवाही से हट मासिक वसूली तेज हो गई है जहां शराब कारोबारी से शराब बेचने के नाम पिछले चार माह पहले तीन हजार रुपए मासिक वसूली की जाती थी वहीं दलालों , सेल्समैनों की मिली भगत से शराब अब शराब बेचने के नाम पर कारोबारी से बीस हजार रुपए प्रति माह की वसूली की जा रही है कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव में मुख्य सड़क बस स्टैंड पर खुलेआम कच्ची शराब का कारोबार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है जिस पर अंकुश लगाना पुलिस और अवकारी विभाग को चुनौती पूर्ण नजर दिखाई देता है साथ ही कई स्थानों पर कई वर्षो से करते चले आ रहे कच्ची शराब का कारोबार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है जिससे शराब कारोबारी के हौसले बुलंद होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में अराजकता का माहौल बढ़ता जा रहा है संभ्रांत व्यक्तियों को शराब कार्यवाहियों की गलियों से निकलना भी मुश्किल पड़ रहा है ललितपुर पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक ने कच्ची शराब कारोबारियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए पर क्षेत्रीय पुलिस द्वारा शराब कारोबारी और सेल्समेन की मिली भगत से पुलिस अधीक्षक के आदेश पर किनार कर विक्रेताओं से मासिक वसूली पर जोर दिया जा रहा है

## राष्ट्र चेतना मिशन का कारसेवक सम्मान समारोह निरंतर जारी

- **मंदिर संघर्ष में योगदान हेतु किया अभिनंदन**

अमन लेखनी सामाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सामाजिक संस्था राष्ट्र चेतना मिशन द्वारा कारसेवक सम्मान समारोह निरंतर जारी है, रविवार को भी नगर के विभिन्न स्थानों पर घर जाकर कारसेवकों का अभिनंदन किया गया।

1990 और 1992 की कारसेवा में सम्मिलित रहे नगर के देवीपुरा निवासी स्व. कन्छी सिंह परिवार सहित, डिप्टी गंज निवासी स्व. बालकिशन गुप्ता परिवार, आवास विकास कॉलोनी द्वितीय निवासी योगेश शर्मा, मोती बाग निवासी वैभव मित्तल एडवोकेट, आवास विकास कालोनी प्रथम निवासी बाबूलाल आर्य एडवोकेट, कृष्णा नगर निवासी प्रवीण चौहान को घर जाकर फूलमाला पहनाकर स्वस्ति वाचन एवं पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। साथ ही श्रीराम जन्मभूमि का स्मृति चिह्न, अंग वस्त्र तथा ध्वज भेंट कर उनके संघर्ष और योगदान हेतु सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष हेमन्त सिंह ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि संघर्ष में 1990 या 1992 की कारसेवा में सम्मिलित रहे जनपदवासी रामभक्तों के सम्मान का यह अभियान 2 जनवरी से प्रारम्भ किया गया है जो अनवरत जारी है।

## पुलिस द्वारा 35 ग्राम स्मैक के साथ एक नफर अभियुक्त गिरफ्तार




अमल लेखनी समाचार

कमरौली, अमेठी। अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत उ0नि0 रवीन्द्र प्रताप सिंह थाना कमरौली मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मो0 वसीम उर्फ नामा पुत्र मो0 जब्बार निवासी ग्राम सिंहपुर मजरे ढोडनपुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 36 वर्ष को मंगरौरा तिराहे के पास से समय करीब 10:20 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 35 ग्राम स्मैक बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## दिल्ली-देहरादून हाई-वे पर हुड़दंग

**स्कूल फेयरवेल में महंगी कारों से पहुंचे लड़कों ने हाईवे पर डांस किया, आतिशबाजी की**

अमन लेखनी सामाचार



मेरठ, दिल्ली-देहरादून हाईवे पर छात्रों के हुड़दंग का वीडियो सामने आया है। वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ लड़के हाईवे पर गाड़ियों से स्टंट करते दिख रहे है। इन युवाओं ने बीच हाईवे पर रुककर डांस किया, गदर मचाया और पटाखे जलाए। ये पूरा वीडियो मोदीपुरम के एक नामचीन सीबीएसई स्कूल से संबंधित लड़कों का बताया जा रहा है।

स्कूल में रविवार को फेयरवेल पार्टी थी। पार्टी में स्कूल के छात्र महंगी गाड़ियों से पहुंचे। इसके बाद इन छात्रों ने हाईवे पर खूब गदर मचाया। तेज आवाज में म्यूजिक बजाकर डांस किया। कार की विंडो से निकलकर हवा में लहराते हुए स्टंट किए। रील बनाई और सड़क पर बीच में ही आतिशबाजी करने लगे। ओवर स्पीडिंग के साथ वाहनों को ओवरटेक भी किया। इतने हुड़दंग के बावजूद पुलिस पूरे हाईवे पर कहीं नजर नहीं आई। गाड़ियों पर नंबर मेरठ का है। यातायात पुलिस वीडियो के आधार पर गाड़ियों को ट्रेस कर रही है।

## पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कुरारा, हमीरपुर। थाना क्षेत्र के जखेला गांव निवासी ग्रामीण ने गाली गलौज व मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने की तहरीर थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के जखेला गांव निवासी ग्रामीण पुष्पेंद्र सिंह पुत्र राज बहादुर सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी छोटू सिंह पुत्र भोजा सिंह ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज किया मना करने पर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## छह माह के लिए किया जिला बदर

कुरारा, हमीरपुर। थाना क्षेत्र के भोली गांव निवासी जयकिशोर उर्फ मेधू उर्फ मेहरू पुत्र दीप उर्फ रामप्रसाद को न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है। इस अवधि में यह अपने साथ किसी प्रकार का आग्नेय शस्त्र लेकर नहीं चलेगा। तथा जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा। जिस स्थान पर निवास करेंगे उसकी सूचना संबंधित न्यायालय व स्थानीय पुलिस को देंगे।

## राममन्दिर प्राण प्रतिष्ठा पूजित अक्षत वितरित किए

कुरारा हमीरपुर। झलोखर में श्री राममन्दिर प्राण प्रतिष्ठा पूजित अक्षत वितरित किये गए विकास खण्ड के झलोखर गांव में श्री राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा जनसंपर्क टीम द्वारा घर घर जाकर पीले अक्षत देकर 22 जनवरी को श्री राममन्दिर प्राण प्रतिष्ठा में अपने अपने घरों में भव्य दीपावली मनाने के लिए कहा गया वहीं अपने आस पड़ोस के मंदिरों को सजावट के लिए बताया गया व महिला टीम द्वारा महिलाओं की जानकारी दी गयी वहीं गांव के प्रत्येक मंदिरों में भव्य सजावट के साथ भजन कीर्तन होगा वहीं झलोखर में अक्षत वितरण का कार्य का आज समापन हो गया इस अक्षत वितरण टीम में अभिषेक त्रिपाठी, कालका प्रसाद, अखिलेश सिंह गौर, प्रियांशी, रागिनी, रजनी, आकांक्षा द्विवेदी, इर्शिता द्विवेदी, प्राची द्विवेदी, पिंकी, गोल्डी श्रीवास्तव, रामु द्विवेदी, सुशील द्विवेदी, शिवशंकर शिवहरे, सिप्पू गुप्ता, एवं ग्रामवासी रहे।

# बगैर कार्य कराये भुगतान निकालने की ग्रामीणों की शिकायत पर पंहुची जांच टीम

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। सुमेरपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत बड़ागांव में पंचायत सचिव द्वारा कंसलटिंग इंजीनियर से मिलीभगत करके बगैर कार्य कराये लाखों रुपए का भुगतान करने की ग्रामीणों की शिकायत पर गांव पहुंची जांच टीम को मौके पर एक कार्य पूरा मिला जबकि एक अधूरा व दो कार्य नहीं मिले हैं और न ही कोई सामग्री मौके पर मिली है। भुगतान की जानकारी पर ग्राम प्रधान ने इंकार किया है। जांच टीम रिपोर्ट तैयार करके बीडीओ को सौंपने की तैयारी कर रही है।

बड़ागांव निवासी रमेश निषाद व दुर्वेश पाल ने खंड विकास अधिकारी गोपाल यादव को गत पांच जनवरी को शिकायत सौंपकर आरोप लगाया था कि गांव में बारेलाल के दरवाजे से मनफूल के दरवाजे तक 59 मीटर सीसी मार्ग के लिए ढाई लाख का एस्टीमेट तैयार कराकर बगैर कार्य कराए एक लाख 43 हजार 231 रुपए का भुगतान कर लिया गया है। इसी तरह जागेश्वर के दरवाजे से शिवबरन सिंह के मकान तक 45 मीटर सीसी बनाने के लिए करीब 2 लाख का एस्टीमेट बनाकर बिना कार्य कराए 99 हजार 507 रुपए का भुगतान कर दिया है। इसी तरह गंगाचरन साहू के फाटक से बीरन यादव के मंदिर तक 84 मीटर सीसी मार्ग बनाने के लिए तीन लाख 72 हजार का एस्टीमेट बनाकर दो लाख आठ हजार 760 का भुगतान कर लिया गया है। ग्रामीणों की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी ने जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित कर रिपोर्ट तलब की थी। बुधवार को एडीओ आईएसबी जगदंबा प्रसाद, प्रभारी एडीओ पंचायत मनीष कौशिक, जेई एमआई महेश चंद्र जांच के लिए गांव पहुंचे। ग्राम प्रधान हरदौल निषाद को मौके पर बुलाकर टीम ने जांच शुरू की। जांच टीम को बारेलाल के दरवाजे से मनफूल के दरवाजे तक तथा जागेश्वर के दरवाजे से लेकर शिवबरन सिंह के दरवाजे तक किसी तरह का निर्माण नहीं मिला है और न ही मौके पर किसी तरह की सामग्री मिली है। जबकि गंगाचरन साहू के फाटक से वीरन यादव के मंदिर तक महज एजिंग ही बनी मिली। सामग्री कुछ नहीं मिली। टीम ने जांच रिपोर्ट तैयार करके बीडीओ को सौंपने की तैयारी कर ली है। ग्राम प्रधान हरदौल निषाद ने कहा कि उन्हें गंगाचरन साहू के दरवाजे से वीरन यादव के मंदिर तक सीसी निर्माण के साथ निर्भय के दरवाजे से सुरेश के दरवाजे तक सीसी निर्माण के भुगतान की जानकारी है। इसके अलावा पंचायत सचिव ने क्या किया है उन्हें पता नहीं। पंचायत सचिव ओमप्रकाश प्रजापति ने बताया कि 70 फीसदी सामग्री का भुगतान कर कार्य कराये जा रहे है। एक सीसी बन चुकी है, दूसरी निमार्णाधीन है। सामग्री मौके पर मौजूद है। कंसलटिंग इंजीनियर अनूप सोनी ने बताया कि उन्हें दो सीसी के भुगतान की जानकारी है। दो कार्यों के भुगतान की खबर नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि वह ओडीएफ प्लस पंचायत में कार्य के लिए अधिकृत हैं। लेकिन बड़ागांव पंचायत ओडीएफ प्लस नहीं है। यहां कैसे कार्य कर रहे हैं तो वह जवाब नहीं दे सके।

## घोरावल पुलिस ने 01 गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार, कब्जे से 01 किलो 310 ग्राम गांजा बरामद



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया गया है, इसी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी घोरावल के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 10.01.2024 को थाना घोरावल पुलिस द्वारा अभियुक्त प्रदीप कुमार पुत्र राजेन्द्र कहार निवासी ग्राम बहुआर थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 28 वर्ष के कब्जे से 01 किलो 310 ग्राम नाजायज गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना घोरावल पर मु0अ0सं0 झ 04/2024 धारा-8/20 ठऊढर अूइ का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## रिलायंस फाउंडेशन एवं पशुपालन विभाग गाजीपुर के द्वारा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले में रिलायंस फाउंडेशन एवं पशुपालन विभाग गाजीपुर के संयुक्त तत्वाधान में गाजीपुर जिले के कासिमाबाद ब्लॉक के उचौरी गांव में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर के माध्यम से 537 लगभग छोटे बड़े जानवरों को किलनी, पेट में कीड़े मारने की दवा, गर्भधारण की समस्या और इसके अलावा अन्य मौसमी बीमारियों के लिए दवा वितरित किया तथा उचित परामर्श दिया गया इसके अलावा पशुओं के लिये खनिज मिश्रण भी वितरित किया गया जिससे जानवरों में दुग्ध उत्पादन बढ़ने के साथ साथ पशुओं का स्वाथ्य भी ठीक रहे। इसके अलावा मुंहपका एवं खुरपका का टीकाकरण की जानकारी दिया गया इस कार्यक्रम में कासिमाबाद ब्लॉक के पशु चिकित्सक डॉ अमित सिंह, राजेश कुमार, अजित कुमार, मनीष पाठक, गोपाल गुप्ता और उनकी टीम ने सहयोग प्रदान किया। इसके अलावा रिलायंस फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने किसान भाइयों को रिलायंस फाउंडेशन के निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 1800-419-8800 के बारे में बताया गया। किसी प्रकार की जरूरत होती है तो तुरंत सम्पर्क करें।

# डीबीए चुनावः अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद पर होगा मुकाबला

### विभिन्न पदों के लिए 28 लोगों ने दाखिल किया पर्चा

### 20 पदाधिकारी अकेला पर्चा होने की वजह से हो जाएंगे निर्विरोध

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र चुनाव सत्र 2023 - 24 के लिए अंतिम दिन बुधवार को अध्यक्ष पद पर चार, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद पर दो - दो प्रत्याशियों समेत विभिन्न पदों पर 28 लोगों ने पर्चा दाखिल किया। जबकि विभिन्न पदों के लिए कुल 29 लोगों ने पर्चा लिया था, लेकिन कोषाध्यक्ष पद पर एक पर्चा नही दाखिल किया गया। पर्चा लेने व जमा करने का कार्य गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ। सहायक चुनाव अधिकारी पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने बताया कि अध्यक्ष पद पर सर्वाधिक चार प्रत्याशियों अशोक कुमार कनौजिया एडवोकेट, सुधाकर मिश्र एडवोकेट, अंशुमान सिंह एडवोकेट एवम्श्याम बिहारी यादव एडवोकेट ने पर्चा दाखिल किया है। वहीं महामंत्री पद पर राजेंद्र कुमार यादव एडवोकेट तथा मु सलीम कुरैसी एड तथा कोषाध्यक्ष पद पर कमलेश कुमार सिंह एडवोकेट तथा वीरेंद्र कुमार राव एडवोकेट ने पर्चा दाखिल किया है। जिसकी वजह से अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद पर मुकाबला होने के आसार हैं। इसके अलावा 12 कार्यकारिणी सदस्य समेत 20 पदाधिकारी अकेला पर्चा दाखिल करने की वजह से निर्विरोध चुने जाएंगे। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर डाक्टर अतुल प्रताप सिंह एडवोकेट, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए दो पद पर संजय कुमार गोयल एडवोकेट तथा गंगेश्वर प्रसाद सिंह एडवोकेट, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे के लिए दो पद पर अनिल कुमार एडवोकेट तथा हरिद्वार एडवोकेट, सचिव प्रशासन के लिए द्वारिका नाथ नागर एडवोकेट, सचिव प्रकाशन के लिए अनुपम सिंह एडवोकेट तथा सचिव पुस्तकालय के लिए संतोष कुमार पांडेय एडवोकेट ने पर्चा दाखिल किया है शामिल हैं। इसी प्रकार से सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से ऊपर हरी प्रसाद यादव एडवोकेट, रमेश चंद्र सिंह एडवोकेट, राजेश कुमार यादव एडवोकेट, चतुर्भुज शर्मा एडवोकेट, विजय बहादुर सिंह एडवोकेट तथा सरिता गिरी एडवोकेट व कार्यकारिणी सदस्य 15 वर्ष से नीचे संदीप कुमार एडवोकेट, अनूप कुमार शुक्ल एडवोकेट, रियाजुद्दीन एडवोकेट, सुमन एडवोकेट तथा संजय कुमार एडवोकेट तथा राम प्रकाश सिंह एडवोकेट ने अपना पर्चा दाखिल किया है। ये सभी लोग निर्विरोध हो जाएंगे। सहायक चुनाव अधिकारी पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने बताया कि कोषाध्यक्ष पद पर अतीश कुमार सिंह एडवोकेट ने पर्चा लिया था, लेकिन उन्होंने पर्चा जमा नहीं किया। जमा नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन व नामांकन प्रपत्र पर आपत्ति तथा जांच व आपत्ति निस्तारण 11 जनवरी को तथा वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन एवं नामांकन प्रपत्र वापसी तथा अंतिम सूची का प्रकाशन 12 जनवरी को होगा। इसी क्रम में मतदाता सूची का वितरण 13 जनवरी को होगा। मुख्य चुनाव अधिकारी हीरालाल पटेल एडवोकेट, सुरेश सिंह एडवोकेट व प्रदीप कुमार एडवोकेट ने चुनाव के नामांकन पत्र वितरण व जमा में सहयोग किया।

## दो वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

डाला सोनभद्र। स्थानीय चोपन थाना क्षेत्र से फरार चल रहे वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल इस संबंध में चोपन थानाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन पर जिलें में अपराध अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत माननीय न्यायालय के आदेश पर फरार चल रहे पोक्सो एक्ट बनाम वारंटी मुन्ना उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र बुधई निवासी अम्मा टोला थाना चोपन बुधवार सुबह 09.30 एव मुख्य न्यायाधीश परिवार न्यायालय सोनभद्र द्वारा निर्गत सीआरपीसी बनाम वारण्टी सत्यपाल सिंह उम्र करीब 38 वर्ष पुत्र हरिपाल सिंह निवासी मारकुण्डी को इनके घर से सुबह 10.30 बजे गिरफ्तार कर लिया गया जिसके उपरांत विधिक कार्यवाही कर वारण्टी गण को माननीय न्यायालय भेजा गया। इस दौरान टीम में चोपन थानाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह, उ0 नि0 मु0 मेराज खाँ, उ0 नि0 रविन्द्रनाथ पाण्डेय, उ0 नि0 जितेन्द्र बहादुर सिंह, का0 सत्यम सरोज शामिल रहे

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के समापन दिवस पर लोग हुए लाभान्वित

अमन लेखनी समाचार



डाला सोनभद्र। स्थानीय नगर के रामलीला मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के समापन दिवस पर सरकारी योजनाओं का स्टाल लगाकर लोगों को लाभान्वित किया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तत्पश्चात मुख्य अतिथि सदर विधायक को अधिशासी अधिकारी देवहुति पांडे व डाला नगर पंचायत अध्यक्ष फुलवंती देवी ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत अभिनंदन किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक भुपेश चौबे ने कहा कि जनपद के सभी नगरों में एक दिवसीय कार्यक्रम हुआ पर डाला में तीन दिवसीय कार्यक्रम का अवसर मिला ताकी यहां के लोगों को इसका पूरा लाभ मिल सके यहां लगभग 3000 लोगों के लिए आवास की सूची तैयार हुई है जिन्हें जल्दी ही आवास की चाभी भी मिल जाएगी उन्होने कहा कि आजादी के बाद देश के गरीबों को जो बुनियादी सुविधाएं मिलनी चाहिए थीं, वह नहीं मिलीं 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में बीजेपी सरकार बनी और प्रधानमंत्री ने गरीबों के संपूर्ण विकास का संकल्प लिया देश के गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं को सरकार की ओर से आयुष्मान योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, सौभाग्य योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सरकार आपके द्वार पर पहुंच रही है महिलाओं की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार ने अपराधियों पर शिकंजा कसने का कार्य किया। वर्तमान में विपक्ष मुद्दाहीन हो चुका है। वह जाति और धर्म के आधार पर देश के जनमानस को बांटने का प्रयास कर रहा है इस अवसर पर डुडा अधिशासी अधिकारी राजेश उपाध्याय मंडल अध्यक्ष दीपक दुबे, महामंत्री संदीप सिंह पटेल, विशाल गुप्ता, अवनीश पांडे, संतोष कुमार मेहता, बलबीर चंद्र वंशी मंच संचालन धिरेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

## 108 एम्बुलेंस के चलते महिला की जान बची



अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले में 102 और 108 एम्बुलेंस जब उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा शुरू किया गया था तब लोगों को यह उम्मीद नहीं थी किया आम लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। लेकिन गाजीपुर में चलने वाली 108 एंबुलेंस लगातार अपने कार्यों को अंजाम दे रही है। ऐसा ही एक दिन पूर्व सोमवार को हुआ जब गाजीपुर। 108 एंबुलेंस एक बार फिर से एक व्यक्ति के लिए जीवनरक्षक बनी है। जिला अस्पताल में भर्ती एक मरीज को बार-बार झटका आ रहा था। जिसके बाद उसे रेफर करके 108 एंबुलेंस से बीएचयू पहुंचाया गया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। 108 एंबुलेंस के प्रभारी दीपक राय ने बताया कि जिला अस्पताल से फोन आने पर पायलट शिवम पांडे और ईएमटी शशि भूषण तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे और सीता देवी 25 पत्नी उपेंद्र निवासिनी लालनपुर को समय रहते एंबुलेंस से बीएचयू पहुंचाया गया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

## गायत्री शक्तिपीठ गाजीपुर के 30 वर्ष पुरा होने के उपलक्ष्य में स्थापना दिवस समारोह आयोजित

अमन लेखनी समाचार




गाजीपुर जिले में गायत्री शक्तिपीठ के 30 वर्ष पुरा होने के उपलक्ष्य में स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया है अति आदर और विनम्रता पूर्वक आप सबको सादर अवगत कराया जा रहा है कि गायत्री शक्तिपीठ गाजीपुर का 24वां स्थापना दिवस समारोह दिनांक 16 जनवरी से 17 जनवरी तक बहुत ही धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय हुआ है। कार्यक्रम दिनांक 16 जनवरी 24 को अपरण 2:00 बजे से युवाओं के भीतर सकारात्मक सोच पैदा करने हेतु तथा व्यसन से मुक्त होकर सृजन में लगे इसके लिए संगीत संध्या का कार्यक्रम

दिनांक 16 जनवरी 24 को सायं काल 5 से 7 तक दीप महायज्ञ, प्रसाद वितरण विदाई

दिनांक 17 जनवरी 24 को प्रातः काल 8 से 12 तक 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ दिनांक 17 जनवरी 24को 12 से 1 तक गायत्री शक्तिपीठ के लिएअ भूतपूर्व योगदान देने वाले नीव के पत्थरों का स्वागत समारोह एवं प्रमाण पत्र वितरणअपरानह 1 से भोजन एवं विदाई उक्त कार्यक्रम में आप सभीस परिवार सादर आमंत्रित हैं समय से पधारे, तन -मन-धन से सहयोग प्रदान कर हमें अनुग्रहित करते हुए गुरुदेव माता जी कीअहैतुकी अनुकंपा को प्राप्त करें।

## बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, तीन की मौत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। आधी रात करीब एक बजे क्षेत्र के मवइया व नरायच गांव के पास नेशनल हाइवे में हुये भीषण सडक हादसे मे बाइक सवारों की जोरदार भिडंत में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर एनएचआई की एंबुलेंस से मार्ग गश्त अधिकारी संतोष चौधरी, डा. आनंद स्वरूप, चालक विनोद कुमार यादव व अशोक ने घायलों को सीएचसी मौदहा भिजवाया। जहां डाक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखकर रिफर करने पर कानपुर ले जाते समय तीसरे युवक की भी रास्ते में मौत हो गयी। बताते हैं कि मृतक किसी शादी समारोह से डीजे बजाकर वापस आ रहे थे। मौदहा कोतवाली प्रभारी ने बताया है कि रात करीब एक बजे मवइया नरायच के पास हाइवे में एक्सीडेंट की सूचना मिली थी। बाइक सवार 3 व्यक्तियों की किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हुई थी। घायलों को एनएचआई की एंबुलेंस की मदद से सीएचसी मौदहा भेजा गया। जहां पर शरीफुद्दीन पुत्र रमजानी 16 वर्ष निवासी हुसैनिया मौदहा व रोहित पुत्र कामता 25 वर्ष निवासी कुम्हरौंडा मौदहा को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया तथा गंभीर रूप से घायल हुये आकाश पुत्र अजय 28 वर्ष निवासी इलाही तालाब मौदहा को इलाज के लिए पहले जिला अस्पताल फिर कानपुर रेफर किया गया। जिसकी कानपुर ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई है। पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है। अज्ञात वाहन की विभिन्न माध्यमों से पहचान की जा रही है।

## 9 जनवरी से 8 मार्च,2024 तक जनपद में धारा-144 रहेगी प्रभावी - जिला मजिस्ट्रेट

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि 08 नवम्बर, 23 द्वारा निषेधाज्ञा पारित करते हुए 08 नवम्बर से 07 जनवरी, 2024 तक प्रभावी किय गया था, जिसकी अवधि समाप्त हो चुकी है, जिसे आगामी त्यौहारों को देखते हुए 9 जनवरी से 8 मार्च, 2024 तक जनपद में धारा-144 लागू किया जाता है। उन्होंने बताया कि अग्रेतर 15 जनवरी, 2024 को मकर संक्रांन्ति, 18 जनवरी को हजरत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती अजमेरी गरीब नवाज रह0 का उर्स, 24 जनवरी को जन नायब कपूरी ठाकुर जन्म दिवस, 25 जनवरी को मोहम्मद हजरत अली का जन्म दिवस, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 14 फरवरी को बसन्त पंचमी, 24 फरवरी को सन्त रविदास जयन्ती तथा 08 मार्च, 2024 को महाशिवरात्रि का त्यौहार है एवं समय-समय पर शासन स्तर से निर्धारित एवं स्थानीय स्तर पर जनपद में सम्पन्न हो रहे विभिन्न आवश्यक प्रतियोगी तथा शैक्षणिक परीक्षाओं के दौरान विधि एवं शान्ति व्यवस्था स्थापित रखे जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा - 144 जा0फौ0 प्रभावी किया जाना अपेक्षित है। इन त्यौहारों के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र विजय सिंह ने कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु लागू उपायों के अनुपालन एवं आगामी प्रमुख त्यौहारों, पर्वों व संभावित परीक्षाओं के दौरान विधि एवं शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत जनपद सोनभद्र के सम्पूर्ण क्षेत्र में निषेधाज्ञा पारित किया है। उन्होंने बताया कि आगामी पूर्व त्यौहारों के दौरान अत्यधिक सतर्कता बरतते हुए किसी प्रकार के जुलूस, धरना-प्रदर्शन इत्यादि बिना प्रशासनिक अनुमति आयोजित नहीं किये जायेंगें। कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्ति समूह जिला मजिस्ट्रेट, अपर जिला मजिस्ट्रेट अथवा उप जिला मजिस्ट्रेट की पूर्वानुमति के बिना न तो कोई सभा धरना-प्रदर्शन अथवा जुलूस का आयोजन करेगा न ही किसी को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा, धार्मिक मेलों, बारात या शव यात्राओं पर यह प्रतिबन्ध लागू नहीं होगा।

## पांच लोगों पर की गयी जिलाबदर की कार्यवाही, 6 माह तक नहीं कर सकेगें जिले मे प्रवेश

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही व प्रभावी पैरवी के तहत न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट/अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा थाना कुरारा, थाना ललपुरा, थाना सुमेरपुर, थाना सिसोलर व थाना जलालपुर से एक एक अपराधी कुल 5 गुण्डा अपराधी को जनपद हमीरपुर की सीमा से 6 माह के लिये निष्कासित करते हुये जिलाबदर किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा दी गयी जानकारी मे बताया गया है कि जिलाबदर की अवधि में जिला बदर किए गए जयकिशोर उर्फ मैधु उर्फ मेहरू पुत्र दीप उर्फ रामप्रसाद निवासी ग्राम भौली थाना कुरारा, जितेंद्र सिंह पुत्र जय सिंह निवासी ग्राम बजेहटा थाना ललपुरा, अरविंद सिंह उर्फ लल्ला सिंह पुत्र बलवंत सिंह निवासी ग्राम पत्योरा थाना सुमेरपुर, रूप सिंह उर्फ चिमडी पुत्र मातादीन निवासी ग्राम खैरी थाना सिसोलर व विवेक पुत्र देवानंद निवासी ग्राम बसरिया थाना जलालपुर अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे। ये अपराधी 6 माह की अवधि तक जनपद हमीरपुर की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे तथा बाहर जिस जनपद में जिस स्थान पर निवास करेंगे उसकी सूचना सम्बन्धित न्यायालय एवं स्थानीय पुलिस को भी देंगे।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

फिल्म इवेंट

## भोजपुरी

### माही का नया सॉन्ग राजा जी के तिलवा प दिलवा रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेत्री माही श्रीवास्तव उन अभिनेत्रियों में से हैं जो दिन पर दिन दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना रही हैं। माही भोजपुरी सिनेमा की राइजिंग स्टार हैं, जिनके गानों का उनके चाहने वालों को बेसब्री से इंतजार रहता है। वो जब भी किसी गाने में परफॉर्म करती है तो वो गाना यूट्यूब पर वायरल हो जाता है। उनकी अदाकारी दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। इसी बीच माही श्रीवास्तव का नया गाना रिलीज हो गाय है। इस गाने के बोल 'राजा जी के तिलवा प दिलवा' है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। भोजपुरी गाने 'राजा जी के तिलवा प दिलवा' को खुशी कक्कर ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। उनकी आवाज ने इस गाने में जान डाल दी है। वहीं, माही श्रीवास्तव के ठुमकों ने चार चांद लगा दिया है। इस गाने को वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के ऑफिसियल चैनल पर रिलीज किया गया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। गाना यूट्यूब पर तेजी से वायरल हो रहा है। गाने में माही को एक लड़का पसंद आ जाता है, जिससे देखकर उनको उससे प्यार हो जाता है। गाने का फिल्मांकन बहुत ही सुंदर तरीके से किया गया है। वही इसको लोकेशन के हिसाब से फिल्माया गया है।

## हालीवुड

### एरियाना का 7वें स्टूडियो एलबम का पहला सिंगल 12 को होगा आउट



**लॉस एंजेलिस।** एरियाना ग्रांडे, जिन्होंने हाल ही में पोस्ट किया था कि उन्होंने अपना लंबे समय से प्रतीक्षित सातवां स्टूडियो एलबम पूरा कर लिया है, ने घोषणा की कि इसका पहला सिंगल 12 जनवरी को आएगा। गाने का शीर्षक स्पष्ट रूप से 'यस, एंड?' है, जो ग्रांडे के 2019 अर्ध-आत्मकथात्मक एकल और एलबम, 'थैंक यू, नेक्स्ट' से एक चंचल प्रगति है। रिपोर्ट के अनुसार गायिका को हाल के वर्षों में कई हिट सिंगल्स में दिखाया गया है। विशेष रूप से वीकेंड के 'सेव योर टीयर्स' और 'डाई फॉर यू' के रीमिक्स - लेकिन उन्होंने कोई एलबम या एक भी रिलीज़ नहीं किया है। अक्टूबर 2020 में उनकी छठी पूर्ण-लंबाई, 'पोज़िशन' के रिलीज़ होने के बाद से उनके अपने नाम के तहत। वह यूनिवर्सल के हिट ब्रॉडवे म्यूजिकल 'विकेड' के बड़े स्क्रीन रूपांतरण पर कड़ी मेहनत कर रही है, जो नवंबर में आने वाला है और अधिक चुपचाप, वह लंबे समय के प्रबंधक स्कूटर ब्रौन के साथ भी अलग हो गई और अब उसकी जगह ब्रैंडन क्रीड (जो लोवाटो को संभालते हैं) ने ले ली है। पिछले साल इंस्टाग्राम पोस्ट की एक श्रृंखला से पता चला कि एरियाना लंबे समय से सहयोगी मैक्स मार्टिन और इल्या सलमानज़ादेह के साथ एल्बम नंबर 7 पर काम कर रही हैं।

## टॉलीवुड

### 12 को बड़े पर्दे पर आएगी महेश बाबू की 'गुंटूर करम'



**हैदराबाद।** ऐक्टर महेश बाबू के फैंस का इंतजार खत्म हो गया है। एक्शन से भरपूर तेलुगु फिल्म 'गुंटूर करम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डायरेक्टर त्रिविक्रम श्रीनिवास और महेश बाबू की जोड़ी तीसरी बार 'गुंटूर करम' में साथ नजर आने वाली है। 'गुंटूर करम' का ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों के दिलो-दिमाग पर छा गया है। फिल्म का ट्रेलर देखकर ही महेश बाबू के फैंस सीटियां बजाने पर मजबूर हो गए हैं।

गुंटूर करम के ट्रेलर को देखकर फिल्म की कहानी के बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं चल पाता है। फिल्म में सुपरस्टार महेश बाबू 'रमन रेड्डी' का किरदार निभाते नजर आएंगे। जो सिस्टम के खिलाफ लोगों के अधिकारों के लिए लड़ती है, गुस्से में कड़ी कार्रवाई करती है, खुश होने पर नाचती है और सीटियां बजाती है। फिल्म में 'रमन' को एक्शन करते देखने के लिए उनके फैंस बेताब हैं। फिल्म में राम्या कृष्णन एक ऐसी मां के किरदार में नजर आ रही हैं, जो अपने बेटे को अनाथ छोड़कर कहीं चली जाती है, लेकिन इसकी वजह क्या है? अब इन सभी सवालों का जवाब फिल्म 'गुंटूर करम' की रिलीज के बाद ही मिलेगा। सुपरस्टार महेश बाबू आखिरी बार फिल्म 'सरकारू वारी पाटा' में नजर आए थे। उसके बाद साल 2023 में उनकी कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हुई, यही वजह है कि महेश बाबू के फैंस काफी उत्साहित हैं। फिल्म 'गुंटूर करम' में महेश बाबू श्रीलीला के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। महेश बाबू और श्रीलीला की केमिस्ट्री भी लोगों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म में महेश बाबू और श्रीलीला के अलावा मीनाक्षी चौधरी भी अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीतने वाली हैं। मीडिया में आ रही खबरों के मुताबिक, महेश बाबू की फिल्म 'गुंटूर करम' का मुकाबला रवि तेजा की फिल्म 'ईगल' से होगा। रवि तेजा की फिल्म भी मकर संक्रांति पर रिलीज होने वाली है। वहीं 'गुंटूर करम' 12 जनवरी को रिलीज होने जा रही है।

## लाइफ स्टाइल



### अपना फैशन स्टेटमेंट

टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना का फैशन सेंस कमाल का है। सुरभि साड़ी में जितनी खूबसूरत दिखती हैं, वेस्टन आउटफिट्स में भी उतनी ही सुंदर दिखती है। वेस्टन हो या ट्रेडिशनल लुक सुरभि पर हमेशा ग्लैमरस ही लगता है। सुरभि सोशल मीडिया पर अपने लुक्स की फोटो शेयर करती रहती हैं। सुरभि जिस तरह से कपड़ों को कैरी करती हैं, वो किसी भी अभिनेत्री को टक्कर देने वाला है।

# सोलो ट्रिप को बनाना है रोमांचक तो इन गलतियों को करने से बचें

नई दिल्ली। जिंदगी में हर काम कभी न कभी हम अकेले करते ही हैं। ऐसे ही अगर आपने भी पहली बार अकेले किसी ट्रिप पर जाने का फैसला लिया है, तो जाहिर है कि आपके मन में कुछ डर हो और कुछ सवाल भी हो। लेकिन एक बात तय है कि इन सबके बावजूद भी आपका पहला सोलो ट्रिप आपके लिए काफी रोमांचक और यादगार रहेगा। हालांकि, आपको अपनी ट्रिप पर कुछ बातों का ख्याल रखना चाहिए ताकि आपकी ट्रिप बर्बाद न हो। आइए जानते हैं, किन बातों का ख्याल रख, आप अपनी सोलो ट्रिप पर कुछ गलतियां करने से बच सकते हैं।

**ओवर पैकिंग न करें :** पहली बार अकेले ट्रिप पर जाने से पहले आप हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना चाहते हैं। इसलिए हो सकता हैं कि आप अपने साथ काफी सारी चीजें पैक कर लें, लेकिन ऐसा न करें। ज्यादा सामान पैक करने की वजह से आपको सामान उठाने में तकलीफ हो सकती है। इसलिए सिर्फ उतना ही समान पैक करें, जिसकी आपको जरूरत हो या जिसके बिना काम न चल सके।



**ओवर शेड्यूलिंग न करें :** ऐसा हो सकता है कि आप अपनी ट्रिप का एक भी मिनट बर्बाद करना न चाहें और इसलिए हर मिनट के लिए कुछ न कुछ प्लान कर लें, लेकिन ऐसा करने से आपकी ट्रिप का मजा किरकिरा हो सकता है। ऐसा हो सकता है कि आप किसी भी जगह जल्दबाजी की वजह से ठीक से एंजॉय न कर पाएं और आप काफी थक भी सकते हैं।

### अपने परिवार से संपर्क में रहे


बाहर घूमते समय हो सकता है कि आप सब कुछ खुद करना चाहे या इसे खुद के लिए चैलेंज की तरह देखें, लेकिन अपनी सेफ्टी के लिए या किसी इमरजेंसी की स्थिति के लिए आप आपके किसी परिवार के सदस्य से संपर्क रहें ताकि अगर आप किसी मुसीबत में फसें तो मदद के लिए उनसे संपर्क कर सकें और अपना इटिनरी भी अपने परिवार के साथ शेयर करें।

### प्लान बी तैयार रखें

कई बार ऐसा हो सकता है कि आपका ट्रेवल का प्लान खराब हो जाए। कोई रिजर्वेशन कैंसल हो जाए या कोई जगह आपको पसंद न आए। इसलिए अपने ट्रिप के लिए एक प्लान बी जरूर तैयार करके चलें ताकि आपकी ट्रिप का मजा खराब न हो।

# बढ़ती उम्र में ग्रेसफुल नजर आने के लिए इन स्टाइलिंग टिप्स पर दें ध्यान

फैशन



**नई दिल्ली।** बढ़ती उम्र में ग्रेसफुल नजर आने के लिए कपड़े, लिपस्टिक के कलर, स्टोल लेने का तरीका, जींस की फिटिंग जैसी कई सारी चीजें बेहद मायने रखती हैं, लेकिन बहुत ही कम महिलाओं का ध्यान इस पर जाता है। यंग लुक पाने के चक्कर में वो कई ऐसी गलतियां करती हैं, जो उन्हें और ज्यादा बूढ़ा दिखाती हैं। कहने का मतलब है कि जैसे-जैस आपकी उम्र बढ़ती है आपको अपने स्टाइल पर भी थोड़ा ध्यान देने की जरूरत होती है। आइए जानते हैं ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में, जो आपको करना है अवॉयड।

**लाइट लिपस्टिक चुनें :** लिपस्टिक मेकअप का बहुत ही जरूरी हिस्सा है, लेकिन बढ़ती उम्र में ग्रेसफुल नजर आने के लिए ब्राइट कलर की जगह लाइट कलर चुनें। पीच, ब्लश पिंक, न्यूड शेड्स अच्छे लगेंगे, लेकिन हां अगर आपके लिप्स बहुत पतले हैं, तो आप हल्के ब्राइट शेड्स चुन सकती हैं।



**हेयर कलर हो सही :** बढ़ती उम्र में सफेद बालों को छिपाने के लिए मेहंदी लगाने की जगह कोई हेयर कलर ट्राई करना चाहती हैं, तो बहुत डार्क कलर अवॉयड करें। क्योंकि इससे लुक बहुत ज्यादा ड्रामैटिक लगेगा। नेचुरल शेड्स के साथ एक्सपेरिमेंट करें। हेयर कलर करवाते समय अपनी स्किन टोन का भी ध्यान रखें।

**फिटेड जींस पहनें :** जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है स्किन लूज होने लगती है फिर चाहे वह चेहरे की हो या शरीर के किसी पार्ट की, तो इसके लिए फिटेड जींस चुनें। हिप्स एरिया फर्म दिखे।

**मेकअप का रखें ध्यान :** बढ़ती उम्र में स्किन अपनी नमी खोने लगती है, जिस वजह से वो बहुत ज्यादा ड्राई नजर आने लगती है। अगर आप वेडिंग या पार्टी के लिए मेकअप कर रही हैं, तो पाउडर मेकअप करना अवॉयड करें क्योंकि इससे स्किन और ज्यादा ड्राई नजर आएगी।।

# चांदनी वाइब्स: पश्मीना के सफेद लहंगा स्टाइल की सादगी ने किया आकर्षित

पश्मीना रोशन ने हाल ही में एक प्राचीन सफेद लहंगे में अपने घर से बाहर निकलते ही सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। उनके पहनावे ने उनकी शिष्टता को निखारा, जो फैशन के प्रति उनकी गहरी नजर को दर्शाता है। लुक को पूरा करने वाला एक प्यारा सा पर्स था, जिसने समग्र सौंदर्य में एक सुखद स्पर्श जोड़ा। चंचलता के संकेत के साथ परिष्कार को जोड़ने के लिए पश्मीना की आदत को प्रदर्शित किया। जो चीज़ वास्तव में पश्मीना को अलग करती थी, वह थी अतिसूक्ष्मवाद के प्रति उसकी प्रतिबद्धता। सूक्ष्म और सावधानी से किए गए मेकअप के साथ, उन्होंने अपनी प्राकृतिक सुंदरता को अपनाया, यह बयान करते हुए कि कम वास्तव में अधिक है। उनके फैशन विकल्प न केवल सुंदरता दर्शाते हैं, बल्कि स्टाइल की लगातार विकसित हो रही दुनिया में सादगी अपनाने की प्रवृत्ति को भी प्रेरित करते हैं। पश्मीना रोशन हर सार्वजनिक उपस्थिति के साथ परंपरा और आधुनिकता का सहजता से मिश्रण करके फैशन प्रेरणा का प्रतीक बनी हुई है।



# मैट्रिमोनियल साइट्स से दूल्हा-दुल्हन ढूंढने से पहले इन बातों का रखें खास ख्याल

**नई दिल्ली।** एक समय था जब शादी के लिए लड़का या लड़की ढूंढना एक बड़ा काम होता था। कई महीनों की खोज के बाद, माता-पिता अपनी बेटी या बेटे के लिए उपयुक्त वर और वधू ढूंढ पाते थे, लेकिन समय के साथ कई चीजें बदल गई हैं और आज स्थिति ऐसी हो गई है कि एक क्लिक पर सैकड़ों लड़कियों और लड़कों की लाइन लग जाती है। वैसे तो एक क्लिक पर कई विकल्प मिल जाते हैं, लेकिन कई बार ये विकल्प गलत साबित हो जाते हैं। कहने का मतलब यह है कि अगर आप ऑनलाइन किसी मैट्रिमोनियल साइट्स के जरिए दूल्हा-दुल्हन की तलाश कर रहे हैं तो आपको थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है।

आधुनिक युग में ऑनलाइन पोर्टल्स के माध्यम से शादी करना एक आम और सुगम विकल्प बन गया है। लेकिन इस प्रक्रिया में सुरक्षा और ध्यानपूर्वक चयन करना महत्वपूर्ण है। यदि आप ऑनलाइन पोर्टल की मदद से शादी करना चाहते हैं, तो इन बातों का खास ख्याल रखें।



**सुरक्षा का पहला महत्वपूर्ण कदम :** ऑनलाइन शादी के पोर्टल्स का चयन करते समय सुरक्षा को प्राथमिकता दें। जांचें कि पोर्टल आपकी व्यक्तिगत जानकारी को कैसे सुरक्षित रखता है और क्या वे आपके डेटा का दुरुपयोग नहीं करेंगे।

**प्रोफाइल विवरण में सच्चाई :** आपके प्रोफाइल विवरण में सच्चाई होना बहुत महत्वपूर्ण है. झूठी जानकारी से बचें, क्योंकि यह आपके साथी को गलत सिग्नल भेज सकता है और आपके बीच विश्वास को कमजोर कर सकता है।

**प्राथमिक मिलने का उपाय :** ऑनलाइन बातचीत और वीडियो कॉल्स के माध्यम से साथी को पहचानने का प्रयास करें पहले ही। यह आपको उनके साथ वास्तविक जीवन में एक सुरक्षित मिलने का मौका देगा और साथी की पहचान में मदद करेगा।

कार्नर न्यूज

## चांद की रोशनी जब सफेद रेगिस्तान पर पड़ती है, तो अद्भुत नजारा देखने को मिलता है

*नई दिल्ली। जनवरी माह में भारत में कई राज्यों में तरह-तरह के फेस्टिवल्स का आयोजन होता है। इसमें दुनियाभर से पर्यटक पहुंचते हैं। इसमें रण उत्सव तीन महीने तक चलने वाला बहुत ही शानदार फेस्टिवल है। इस फेस्टिवल में शामिल होकर आप गुजरात की रंग-बिरंगी संस्कृति को करीब से देख सकते हैं। फेस्टिवल में होने वाला गुजराती लोकनृत्य, संगीत बेहद खास होता है। अगर आप खाने के शौकीन हैं, तो यहां आकर आप गुजरात के लजीज जायकों का आनंद ले सकते हैं। पूर्णिमा के दौरान यहां घूमने की प्लानिंग सबसे बेस्ट रहेगी। चांद की रोशनी जब सफेद रेगिस्तान पर पड़ती है, जो एक अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। यहां आकर टेंट में रूकने का मौका बिल्कुल भी मिस न करें। साथ ही यहां के खूबसूरत हैंडीक्रॉफ्ट्स की खरीददारी भी।*

# ठंड में देश के इन फेस्टिवल्स में हो शामिल मिलेगा जनवरी माह में गजब का आनंद



### जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल

हर साल जयपुर में जनवरी माह में लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है, जिसमें जाने-माने लेखक और स्पीकर्स हिस्सा लेते हैं। अगर आपको लिटरेचर में दिलचस्पी है, तो आपको इस फेस्टिवल में जरूर शामिल होना चाहिए क्योंकि यहां आपको कई लेखकों के अचीवमेंट्स, उनके बारे में जानने का मौका मिलेगा।

### इंटरनेशनल काइट फ्लाइंग फेस्टिवल

आसमान में ढेर सारी रंग-बिरंगी पतंगों को देखने भी गजब का एन्जॉयमेंट है। मकर सक्रांति के अवसर पर गुजरात में इंटरनेशनल काइट फ्लाइंग फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। जिसमें दुनियाभर के पतंगबाज पहुंचते हैं और अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। सुबह सूर्योदय से ये फेस्टिवल शुरू हो जाता है और सूर्यास्त तक चलता है। पतंगबाजी के अलावा इस फेस्टिवल में एरियल एक्रोबेट्स, पतंग बनाना, काइट पेंटिग जैसे और भी कई दूसरे मनोरंजक कॉम्पिटिशन होते हैं।

### बीकानेर कैमल फेस्टिवल

जनवरी में बीकानेर कैमल फेस्टिवल में भी पहुंचकर मस्ती कर सकते हैं। जहां ऊंटों की तरह-तरह से सजावट की जाती है। उनकी रेस होती है और उन्हें डांस करते हुए भी देखा जा सकता है। जो बहुत ही खास होता है। इसके साथ ही आग के साथ कलाबाजी करते हुए लोग और राजस्थानी लोक कलाकारों की परफॉर्मेंस भी देख सकते हैं।



### मद्रास म्यूजिक फेस्टिवल

मद्रास म्यूजिक फेस्टिवल भारत का सबसे बड़ा म्यूजिक फेस्टिवल है। जहां म्यूजिक के साथ-साथ शास्त्रीय नृत्य और दूसरी कलाएं भी देखने का मौका मिलता है। भारत के कोने-कोने से कलाकार इस फेस्टिवल में हिस्सा लेने पहुंचते हैं, जिनकी परफॉर्मेंस समां बांध देती है।

### अराकू बैलून फेस्टिवल

आंध्रप्रदेश टूरिज्म द्वारा इस फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। इसमें हॉट एयर बैलून राइड खास होता है। हॉट एयर बैलून राइड द्वारा आप यहां के खूबसूरत नजारों को देख सकते हैं। रात में कैंपिंग कर सकते हैं और कॉफी प्लांटेशन टूर भी कर सकते हैं।